दैनिक

कीर्तिप्रभा

खबरों के सच का निर्भीक आइना

■ रीवा ■ भोपाल से एक साथ

वर्ष: 27, अंक: 255 पृष्ठ 12, रीवा

मंगलवार 03 जून 2025

मूल्य: 3.00 रुपए

बिहार में दो चरण में हो सकते हैं चुनाव, जून के अंत में मुख्य चुनाव आयुक्त की बैठक

नई दिल्ली, बिहार में इस साल के अंत तक विधानसभा के चुनाव होने है। चुनाव को लेकर सूत्रों के हवाले से बड़ी खबर आई है। जानकारी के मुताबिक 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव दो से तीन चरणों में हो सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि दिवाली और छठ जैसे प्रमुख त्यौहारों को ध्यान में रखकर चुनाव कार्यक्रम की योजना बनाई जाने की उम्मीद है। बिहार विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 22 नवंबर, 2025 को समाप्त हो रहा है और इसके पहले चुनाव प्रक्रिया पूरी होनी चाहिए। बीते दो चुनावों में भी बिहार में कई चरणों में मतदान हुआ था। 2020 में, मतदान तीन चरणों में हुआ था इसमें 28 अक्टूबर को 71 सीटों पर, 3 नवंबर को 94 सीटों पर और 7 नवंबर को 78 सीटों पर और 10 नवंबर को नतीजे घोषित किए गए थे। खबर यह है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस महीने के अंत में तैयारियों की समीक्षा के लिए बिहार का दौरा कर सकते है। इस बीच, बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) सहित चुनाव अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि चुनावी प्रक्रिया में सटीकता सुनिश्चित की जा सके। आयोग का उद्देश्य महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली में मतदाता सूची को लेकर सामने आए आरोपों से बचना है।

पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आयोग ने कहा है कि 6 से 10 जनवरी 2025 के बीच बिहार, हरियाणा और दिल्ली में अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद कोई अपील दायर नहीं की गई। सभी बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाता विवरण सत्यापित करने के लिए पहचान पत्र जारी किए जाएंगे। 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पहली बार के मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए एक विशेष अभियान भी चलाया जाएगा।

पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना भारत दौरे पर- पीएम मोदी से मुलाकात, द्विपक्षीय सहयोग को बताया अहम

नई दिल्ली,। पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पेलासियोस तीन दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। दौरे के पहले दिन उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हैदराबाद हाउस में मुलाकात की। इस दौरान द्विपक्षीय बातचीत भी हुई, जिसमें दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पेना का स्वागत करते हुए कहा, आपकी यह यात्रा भारत-पैराग्वे के रिश्तों में विश्वास और सहयोग को नई मजबूती देगी। यह भारत और लैटिन अमेरिकी देशों के संबंधों के लिए भी एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने केरिकॉम शिखर सम्मेलन का ज़िक्र करते हुए कहा कि भारत और लैटिन अमेरिका अनेक क्षेत्रों में साथ मिलकर काम कर सकते हैं।

महात्मा गांधी को की श्रद्धांजलि अर्पित

इससे पहले पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की और फिर राजघाट पहुंच राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

गर्मजोशी से हुआ स्वागत

पराग्वे के राष्ट्रपति पेना का विमान सोमवार को पालम एयरबेस पर लैंड हुआ, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। यह पराग्वे के किसी राष्ट्राध्यक्ष की दूसरी भारत यात्रा है। राष्ट्रपति पेना की यह यात्रा दोनों देशों के राजनयिक और रणनीतिक संबंधों को नई दिशा देने की मंशा से की जा रही है।

मुंबई में स्टार्टअप्स और व्यापारिक नेताओं से भी मिलेंगे

अपने दौरे के अंतिम दिन, 4 जून को राष्ट्रपति पेना मुंबई जाएंगे। वहां वे व्यवसायियों, निवेशकों, इनोवेटर्स और टेक्नोलॉजी सेक्टर से जुड़े प्रमुख लोगों से बातचीत करेंगे।

सगाई समारोह से लौट रहे परिवार को ट्रक ने मारी टक्कर, 4 की मौत, 3 घायल

बाराबंकी, तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक गोंडा के बताए जा रहे हैं। वहीं, तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर दो किमी तक लंबा जाम लग गया। बाराबंकी-बहराइच हाईवे पर गणेशपुर मोड़ के पास ढाबे के सामने करीब साढ़े पांच बजे लखनऊ की ओर से गोंडा जा रही कार में सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। कार सवार कानपुर से सगाई समारोह में हिस्सा लेकर लौट रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

राजस्थान के ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का निधन

जयपुर । भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी और राजस्थान के ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक का 58 साल की उम्र में निधन हुआ है।

राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनके निधन पर शोक जताया है। बताया जा रहा हैं आईएएस आलोक कई दिनों से बीमार थे। उनका सोमवार को दिल्ली में निधन हुआ।

आलोक 1993 बैच के आईएएस अधिकारी थे। उनका जन्म 15 नवंबर 1966 को पटना में हुआ था।

कोरोना फिर से फैला रहा है पैर- एक्टिव केस 4000 के करीब, दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा मामले

नई दिल्ली, देश में कोरोना वायरस संक्रमण एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगा है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 1 जून तक भारत में कोविड-19 के कुल 3961 एक्टिव केस दर्ज किए गए हैं। इस बीच 4 लोगों की संक्रमण से मौत भी हो चुकी है। देश में कोरोना वायरस संक्रमण बढ़ने की खबरों और एडवाइजरी के बीच एक सवाल तेजी से पूछा जा रहा है और वह यह कि क्या सरकार ने इसकी पुष्टि की है। इस पर बताया जा रहा है कि अभी तक सरकार की ओर से किसी नए वेरिएंट की पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन कुछ स्थानीय रिपोर्टों में माइल्ड लेकिन तेजी से फैलने वाले संक्रमण का जिक्र किया गया है। जिसके एक्टिव केस देश में इस समय लगभग 4000 बताए जा रहे हैं।

दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ऑफिस से करोड़ों की चोरी, हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

नई दिल्ली,। देश की राजधानी दिल्ली में पुलिस सुरक्षा को लेकर एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। आतंकवाद और संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई के लिए जानी जाने वाली दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल खुद ही भीतरघात का शिकार हो गई। स्पेशल सेल के लोधी कॉलोनी स्थित दफ्तर के मालखाने (गवाह और सबूत रखने की सुरक्षित जगह) से करोड़ों रुपये का सोना और नकदी चोरी हो गया।

इस हाई-प्रोफाइल चोरी की वारदात को स्पेशल सेल में तैनात रहे एक हेड कांस्टेबल खुर्शीद ने अंजाम दिया।

सिक्किम में आर्मी कैंप पर भूस्खलन, 3 की मौत, 9 जवान लापता

- सर्च ऑपरेशन जारी, 1500 से ज्यादा पर्यटक फंसे

गंगटोक पूर्वोत्तर भारत के सिक्किम राज्य में रविवार शाम एक बड़ा हादसा हुआ। उत्तरी सिक्किम के चट्टन क्षेत्र में स्थित आर्मी कैंप पर हुए भूस्खलन में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि भारतीय सेना के नौ जवान अब भी लापता बताए गए हैं। हादसा 01 जून की शाम लगभग 7 बजे हुआ। मृतकों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। लापता जवानों की तलाश के लिए राहत एवं बचाव दल युद्धस्तर पर अभियान चला रहे हैं।

भूस्खलन इतना तीव्र था कि आसपास के कई घर भी इसकी चपेट में आ गए। सेना और प्रशासन के संयुक्त प्रयास से मलबे में दबे लोगों को निकालने का कार्य जारी है। उत्तर सिक्किम में भारी बारिश और भूस्खलन के चलते लोचन और लाचुंग क्षेत्रों में लगभग 1,500 पर्यटक फंस गए। मंगन जिले के एसपी सोनम देचू भूटिया के अनुसार, लाचेन में 115 और लाचुंग में 1,350 पर्यटक अलग-अलग होटलों और गेस्टहाउसों में ठहरे हुए हैं। राहत की बात यह है कि लाचुंग के लिए सड़क संपर्क बहाल कर दिया गया है, और आज से पर्यटकों की निकासी शुरू की जा रही है।

बीआरओ ने तेज़ी से संभाली स्थिति

सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने लाचुंग-चुंगथंग-शिपग्येरे-शंकलांग-डिकचू रोड पर जमा मलबा हटाकर रास्ता साफ किया है। सस्पेंशन ब्रिज पर आई दरारों को भर दिया गया है, जिससे राहत कार्य में तेजी आई है।

कश्मीरी पंडितों की सम्मानजनक वापसी और पुनर्वास ही हमारा फर्ज

महबूबा मुफ्ती ने राजभवन में जम्मू-कश्मीर के एलजी से की मुलाकात

श्रीनगर,पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को कश्मीरी पंडितों की सम्मानजनक वापसी और पुनर्वास की मांग की है। उन्होंने कहा कि उनकी वापसी को सिर्फ प्रतीकात्मक वापसी के रूप में नहीं देखा जाए, बल्कि यह जम्मू-कश्मीर के लिए एक समावेशी, साझा और बेहतर भविष्य तैयार करने का अवसर होना चाहिए। जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा से मुलाकात के बाद महबूबा मुफ्ती ने कहा कि उन्होंने एलजी से आग्रह किया कि जिन लोगों पर कम गंभीर आरोप हैं और जो जेलों में बंद हैं, उन्हें ईद से पहले रिहा किया जाए। कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास के मुद्दे पर महबूबा ने कहा कि यह एक लंबी प्रक्रिया है। हमने इसकी शुरुआत कर दी है। कश्मीरी पंडितों ने पंचायत चुनावों में हिस्सा लिया। अगर उन्हें विधानसभा चुनावों में भी आरक्षण दिया जाए, तो यही उन्हें सशक्त करने का सबसे अच्छा तरीका होगा।

उन्होंने कहा कि हमने कश्मीरी पंडितों की वापसी के मुद्दे पर भी चर्चा की। इसके अलावा अमरनाथ यात्रा और उसमें कश्मीरियों की भागीदारी पर भी बात की। उन्होंने एलजी से कहा से आग्रह किया कि जिन लोगों पर गंभीर आरोप नहीं हैं,

देश में अवैध रूप से रह रहे हजारों बांग्लादेशियों को वापस भेजा, कार्रवाई जारी

-गुजरात, दिल्ली, हरियाणा के बाद अन्य राज्यों में भी शुरू होगा ऑपरेशन

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत ने घुसपैठियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई जारी है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक बीते माह इस ऑपरेशन के शुरू होने के बाद से देश में अवैध रूप से रह रहे हजारों बांग्लादेशियों को उनके देश वापस भेजा गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अब तक 2000 घुसपैठियों को सीमा पार भेजा जा चुका है और यह कार्रवाई जारी है। इस दौरान भारत बांग्लादेश बॉर्डर पर तनाव बढ़ने की खबरें भी सामने आई हैं। मीडिया रिपोर्ट में सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि भारतीय अधिकारियों ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद से 2000 से ज्यादा अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को वापस उनके देश भेजा है।

अधिकारियों ने इससे पहले देश भर में सत्यापन भी शुरू किया है। सूत्रों ने बताया कि बड़ी कार्रवाई के बाद एक्शन से डर से 2000 से ज्यादा घुसपैठिए खुद बॉर्डर के पास पहुंचे हैं।

रिपोर्ट में सरकारी सूत्र के हवाले से बताया गया है कि यह प्रक्रिया लगातार जारी है। लोगों के दस्तावेजों की जांच कर उनके खिलाफ एक्शन लिया जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से इस प्रक्रिया में और तेजी आई है। गुजरात, दिल्ली और हरियाणा से इसकी शुरुआत हुई है। जल्द ही अन्य राज्यों में भी इसकी शुरुआत की जाएगी।

जानकारी के मुताबिक जिन लोगों को वापस भेजा गया है उनमें से करीब आधे गुजरात के हैं। वहीं दिल्ली और हरियाणा से भी बड़ी संख्या में घुसपैठियों को वापस भेजा गया। इसके अलावा असम, महाराष्ट्र और राजस्थान से भी अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक अब तक इस प्रक्रिया में बॉर्डर गार्ड्स बांग्लादेश (बीजीबी)

मोबाइल और वीडियो देखने वाले 91 फ़ीसदी बच्चे आक्रामक

78 फ़ीसदी बच्चों का कोई दोस्त नहीं

अहमदाबाद । मोबाइल फोन और वीडियो ने बच्चों की दुनिया को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। इस समय माता-पिता बच्चों को लेकर एक बड़ी चुनौती का सामना कर रहे हैं। न्यूक्लियर फैमिली के 94 फ़ीसदी बच्चे गर्दन में दर्द और आंखों की रोशनी की बीमारी से परेशान हैं। 86 फ़ीसदी बच्चे मोबाइल या टीवी देखते हुए नाश्ता या खाना खाते हैं। यदि उनके सामने मोबाइल या टीवी नहीं होता है।तो यह खाना और नाश्ता भी नहीं करते हैं। बच्चे एकाकी होते जा रहे हैं। उनमें खेलकूद की रुचि कम होती जा रही है। जिसका असर उनके शारीरिक विकास पर पड़ रहा है। एकाकी होने के कारण दोस्त भी नहीं बन पा रहे हैं।

संयुक्त परिवारों में अभी यह समस्या कम है। इसके बाद भी लगभग 59 फ़ीसदी बच्चों में मोबाइल और वीडियो को लेकर बच्चे आक्रामक हो रहे हैं।गुजरात की चिल्ड्रन रिसर्च यूनिवर्सिटी ने पालकों के साथ बातचीत करके यह निष्कर्ष निकला है। विश्वविद्यालय के डॉक्टर टीएस जोशी का कहना है। अभिभावकों का जीवंत संपर्क बच्चों के साथ लगातार कम होता जा रहा है। इस समस्या का समाधान भी बच्चों के माता-पिता और उनके परिवार से जुड़ा हुआ है। मोबाइल और वीडियो देखने के लिए बच्चे बहुत आक्रामक हो रहे हैं। इस आक्रामकता में लड़के और लड़की में कोई फर्क नहीं है। दोनों में ही समान रूप से आक्रमाकता बढ़ रही है। निष्कर्ष में सुझाव दिया गया है कि बच्चों की दिनचर्या में स्क्रीन का टाइम घटाया जाए।उनकी अन्य गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। मोबाइल फोन को व्यावहारिक तौर पर नियंत्रित किया जाए। बच्चों के साथ रोज माता-पिता पर्याप्त समय दें। विजुअल लर्निंग के समय वॉल्यूम को कम रखें। तभी जाकर समस्या से निजात पाई जा सकती है।

मौसम विभाग | वायुसेना और असम राइफल्स के जवान राहत और बचाव कार्य में जुटे

पूर्वोत्तर भारत में बारिश और बाढ़ ने ली कई जानें, लाखों लोग प्रभावित

नई दिल्ली,पूर्वोत्तर भारत में बारिश ने तबाही मचाई है। बीते कई दिनों से बारिश और उसके बाद की घटनाओं से जीवन अस्त-व्यस्त है। बारिश के बाद बाढ़ और भूस्खलन से लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। इस बीच अलग-अलग घटनाओं में कई लोगों की जान जाने की खबर भी सामने आई है। बता दें असम, मणिपुर, त्रिपुरा, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों में बीते तीन दिनों में भारी बारिश हुई और नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। इस बीच वायुसेना और असम राइफल्स के जवान राहत और बचाव कार्य में जुटे हैं।

मौसम विभाग ने कहा कि फिलहाल इस बारिश से 5 जून तक राहत नहीं मिलेगी। पूर्वोत्तर क्षेत्र में आने वाले कुछ घंटों में तेज बारिश हो सकती है। 4 जून तक असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर भी तेज बारिश की संभावना है। वहीं अरुणाचल, असम और मेघालय में भी भारी बारिश की उम्मीद है। अरुणाचल प्रदेश, असम और सिक्किम में स्थिति गंभीर है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारी बारिश के बीच उत्तरी सिक्किम में 1200 से ज्यादा पर्यटक फंसे हैं। भूस्खलन की वजह से बचाव कार्य में बाधा आ रही है।

वहीं 29 मई को मुंशीथांग में तीस्ता नदी के पास लापता हुए 8 पर्यटकों का अभी तक पता नहीं चल सका है। असम के 19 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। इनमें लखीमपुर, डिब्रूगढ़, हैलाकांडी, होजई, कामरूप, धेमाजी और कछार जैसे जिलों में करीब 3.6 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। असम में बाढ़ और भूस्खलन से होने वाली मौतों का आंकड़ा रविवार तक 10 तक पहुंच गया। वहीं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा स्थापित 155 राहत शिविरों में 55 हजार से ज्यादा लोगों ने शरण ली है। अरुणाचल प्रदेश बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 9 लोगों की मौत की खबर है। राज्य भर में करीब सभी नदियां उफान पर हैं।

मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और ज्यादा बारिश का अनुमान जताया है जिसके बाद सीएम पेमा खांडू ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है कि बहुत जरूरी हो तब ही घर से बाहर निकलें। मेघालय में 10 जिले अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित हुए हैं। त्रिपुरा में भी 10 हजार से ज्यादा लोग इसकी चपेट में हैं। इस बीच असम राइफल्स ने वायुसेना के साथ मिलकर 1500 से ज्यादा लोगों को बचाया है और उन्हें राहत सामग्री मुहैया कराई। वहीं रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से बात की। गृह मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

आप किसी गठबंधन में नहीं, बिहार में अकेले लड़ेगी विधानसभा चुनाव

नई दिल्ली,। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन इंडिया को झटका लगा है। आम आदमी पार्टी ने किसी भी गठबंधन में शामिल होने से इनकार कर दिया है। साथ ही कहा है कि बिहार में आप अकेले ही दम पर चुनाव लड़ेगी। आप दिल्ली चुनाव में करारी हार के बाद अब पंजाब पर फोकस कर रही है। साथ ही अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत पार्टी के शीर्ष नेता प्रचार के लिए रणनीति तैयार कर रहे हैं।

आप के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक अनुराग ढांडा ने कहा कि आप किसी गठबंधन में नहीं है। हमारे पास अपनी खुद की ताकत है। हम इस पर आगे बढ़ रहे हैं। इंडिया गठबंधन को लेकर उन्होंने कहा कि वह लोकसभा चुनाव के लिए था। हम अब किसी ब्लॉक का हिस्सा नहीं हैं।

सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करके ग्रेडिंग सुधारें - कलेक्टर

रीवा (कीर्तिप्रभा) कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों निराकरण करें। प्रकरणों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण करके विभाग की ग्रेडिंग सुधारें। ग्रेडिंग में सी और डी श्रेणी में रहने वाले विभागों के अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में भी अभी 1694 आवेदन लंबित हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक संचालक हथकरघा, अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल तथा जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग लंबित प्रकरणों का तीन दिवस में निराकरण करें। जिला शिक्षा अधिकारी तीन दिवस में लंबित प्रकरणों का निराकरण करके विभाग को ए ग्रेड में ले जाएं।

कलेक्टर ने कहा कि 4 जून को गंगेव में स्वसहायता समूह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शामिल होंगे। मुख्यमंत्री जी के दौरे के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दे दी गई है। सभी अधिकारी दौरे की तैयारियाँ समय पर पूरी कर लें। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग हेलीपैड निर्माण तथा सभास्थल में बेरिकेडिंग का कार्य आज ही पूरा करा दें। कलेक्टर ने अधिकारियों को सम्मेलन में आने वालों की बैठक व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, मंच व्यवस्था, साउंड सिस्टम, बिजली की आपूर्ति तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना के अपात्र और मृत हितग्राहियों की सूची ग्राम पंचायतवार उपलब्ध करा दी गई है। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दो दिवस में सभी अपात्र व्यक्तियों के नाम पोर्टल से पृथक कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। हितग्राहियों के समग्र ई केवाईसी की प्रगति भी संतोषजनक नहीं है। रोजगार सहायकों के माध्यम से सात दिवस में शत-प्रतिशत ई केवाईसी सुनिश्चित करें। जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस तथा श्रम पदाधिकारी सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों की बैठक लेकर उन्हें विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और ई केवाईसी के संबंध में प्रशिक्षण दें। कलेक्टर ने जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग को छात्रावासों की साफ-सफाई और सुधार के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि छात्रावास की प्रत्येक सीट पर विद्यार्थी का प्रवेश सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आयुष्मान कार्ड का कवरेज बढ़ाएं। सभी एसडीएम वनाधिकार अधिनियम के तहत ग्राम स्तर और खण्ड स्तर की समितियों की बैठक कराकर शेष प्रकरणों का निराकरण करके प्रतिवेदन 10 जून तक जिला स्तरीय समिति को प्रस्तुत करें। बैठक में कलेक्टर ने स्वामित्व योजना तथा नलजल योजनाओं से स्कूल एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में पानी की आपूर्ति के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में स्वीकृत जल संरक्षण के सभी कार्य 10 जून तक अनिवार्य रूप से पूरे कराएं। जल संरक्षण की सभी गतिविधियों की अच्छी फोटोग्राफ के साथ जनसम्पर्क कार्यालय के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराएं। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आदर्श ग्राम योजना में आवंटित राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र दो दिवस में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। बैठक में आपदा प्रबंधन के लिए की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की गई। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिले में 1043806 हितग्राहियों का ई केवाईसी हुआ अपडेट

रीवा (कीर्तिप्रभा) खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित सभी हितग्राहियों के ई केवाईसी अपडेशन का कार्य लगातार किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि जिले में खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित परिवारों के 12 लाख 48 हजार 209 सदस्य राशन मित्र पोर्टल पर दर्ज हैं। इन सभी सदस्यों का ई केवाईसी दर्ज कराने तथा मृतक एवं स्थाई रूप से पलायन कर गए व्यक्तियों के नाम पृथक करने की कार्यवाही 31 मई तक की गई। केवाईसी कराने के लिए उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन पीओएस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों का ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी भी ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। एप के माध्यम से हितग्राही को स्वयं ई केवाईसी दर्ज कराने की भी सुविधा दी गई है। इसके अलावा कॉमन सर्विस सेंटर तथा मोबाइल ऐप में भी ई केवाईसी अपडेशन की सुविधा उपलब्ध है। जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि एक जून तक जिले में 10 लाख 43 हजार 806 हितग्राहियों की ई केवाईसी की जा चुकी है। यह कुल हितग्राहियों का 84 प्रतिशत है। जिसमें जनपद पंचायत गंगेव में 135182, जवा में 128820, रायपुर कर्चुलियान में 167143, रीवा में 168732, सिरमौर में 180174, त्योंथर में 123142 हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेट की जा चुकी है। नगरीय निकायों में नगर निगम रीवा में 67330, नगर परिषद डभौरा में 13638, बैकुण्ठपुर में 6071, चाकघाट में 5871, गोविंदगढ़ में 7173, गुढ़ में 9052, मनगवां में 7392, सेमरिया में 8696, नगर परिषद सिरमौर में 5875 तथा नगर परिषद त्योंथर में 9515 हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेट की जा चुकी है।

कृषि उत्पादन आयुक्त 18 जून को करेंगे कृषि विकास की समीक्षा

रीवा (कीर्तिप्रभा) कृषि उत्पादन आयुक्त कलेक्ट्रेट सभागार रीवा में 18 जून को आयोजित बैठक में कृषि विकास की समीक्षा करेंगे। बैठक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगी। बैठक में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, सहकारिता विभाग एवं उनसे जुड़ी विभिन्न संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन, डेयरी विकास विभाग, मछली पालन विभाग तथा अन्य संबद्ध संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में रबी फसल 2024-25 की उपलब्धियों तथा खरीफ फसल 2025 की तैयारियों की भी समीक्षा की जाएगी। कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

ज्ञानोदय स्कूल में प्रवेश का अवसर

रीवा (कीर्तिप्रभा). आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय रीवा में कक्षा 11वीं में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए गणित संकाय, जीव विज्ञान संकाय तथा वाणिज्य संकाय में प्रवेश दिया जा रहा है। इनमें अनुसूचित जाति बालक और अनुसूचित जाति बालिकाओं के लिए प्रवेश का अवसर है। वर्ष 2024-25 में कक्षा दसवीं की परीक्षा न्यूनतम 60 प्रतिशत अधिक अंकों से उत्तीर्ण करने वाले अनुसूचित जाति के विद्यार्थी प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

खाद्य सुरक्षा योजना के पात्र परिवारों को तीन माह का खाद्यान्न मिलेगा

रीवा (कीर्तिप्रभा) खाद्य सुरक्षा योजना से अन्त्योदय श्रेणी और प्राथमिकता श्रेणी के परिवारों को हर माह उनकी पात्रता के अनुसार खाद्यान्न, शक्कर और नमक का उचित मूल्य दुकान से वितरण किया जाता है। पात्र परिवारों को जून माह में तीन महीने का खाद्यान्न एक साथ दिया जा रहा है। इसमें जून, जुलाई और अगस्त माह का खाद्यान्न शामिल रहेगा। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि इस माह अन्त्योदय परिवारों को 105 किलो खाद्यान्न, तीन किलो नमक तथा तीन किलो शक्कर प्रदान की जाएगी। प्राथमिकता की श्रेणियों में शामिल खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों को प्रति सदस्य के मान से 15 किलो खाद्यान्न दिया जाएगा। इसमें चावल और गेंहू दोनों शामिल हैं। प्रत्येक परिवार को तीन किलो नमक भी दिया जाएगा। नमक के लिए एक रुपए प्रति किलो की दर निर्धारित है। सभी उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन शासन के निर्देशों के अनुरूप हितग्राहियों को तीन माह का खाद्यान्न प्रदान करें। जिला आपूर्ति अधिकारी ने पात्र परिवारों से ई केवाईसी कराकर तीन माह का खाद्यान्न उचित मूल्य दुकान से प्राप्त करने की अपील की है। इसके लिए पीओएस मशीन पर तीन बार अंगूठा लगाना होगा। सभी राशन कार्डधारी राशन प्राप्त करने के बाद पीओएस मशीन से जारी पावती अवश्य प्राप्त करें। मोबाइल में एसएमएस के माध्यम से प्रेषित सूचना से हितग्राही प्राप्त खाद्यान्न सामग्री का मिलान भी अवश्य करें।

कार्य पर उपस्थित न होने पर होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही

रीवा (कीर्तिप्रभा). प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मुनेन्द्रनाथ त्रिपाठी पुत्र स्व. सुरेश कुमार त्रिपाठी को कार्य पर उपस्थित न होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने की सूचना जारी की है। रजिस्ट्रार सिविल कोर्ट रीवा से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुनेन्द्रनाथ त्रिपाठी पुत्र स्व. श्री सुरेश कुमार त्रिपाठी आयु लगभग 55 वर्ष नेहरू नगर रीवा निवासी जिला न्यायालय रीवा में सहायक ग्रेड-3 के पद पर नियोजित होकर व्यवहार न्यायालय सिरमौर में तलवाना लिपिक के पद पर पदस्थ हैं। श्री त्रिपाठी 5 फरवरी 2025 से बिना किसी अवकाश आवेदन के निरंतर कर्तव्य से अनुपस्थित हैं। रजिस्ट्रार सिविल कोर्ट ने मुनेन्द्रनाथ त्रिपाठी को सात दिवस में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं। कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित रहने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

ईकेवायसी में लापरवाही पर सेल्समैन निलंबित

रीवा (कीर्तिप्रभा) शासकीय उचित मूल्य दुकान अमाव के सेल्समैन जवाहरलाल नापित को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिये गये हैं। खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की ईकेवायसी कराने में रूचि न लेने तथा लापरवाही बरतने पर यह कार्यवाही की गयी है। इस संबंध में आपूर्ति नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि निलंबन अवधि में श्री नापित का मुख्यालय सेवा सहकारी समिति अमाव रहेगा। खाद्यान वितरण एवं अन्य कार्यों के लिए उचित मूल्य दुकान अमाव का प्रभार सेल्समैन ओमप्रकाश मिश्रा उचित मूल्य बराखुर्द को दिया गया है।

गहरी जुताई और खरपतवार नष्ट करने के लिए उपयोगी है रोटावेटर

रीवा (कीर्तिप्रभा). ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार खेती है। खेती के आधुनिकीकरण के साथ इसका तेजी से यंत्रीकरण हो रहा है। अब खेतों की जुताई लगभग शत-प्रतिशत ट्रैक्टरों के माध्यम से होती है। ट्रैक्टर से संचालित कई कृषि उपकरण किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी

नाम सुधार सुचना

मै बीरेंद्र कुमार पाण्डेय पिता बैद्यनाथ पाण्डेय निवासी ग्राम बरिगवा तह. चुरहट जिला सीधी (एम पी)का निबासी हूँ मेंरे लाइसेंस मे भूल बस मेरा नाम virendra pandey तथा पिता जी का baijnath pandey गलत अंकित हो गया है जबकि मेंरे आधार कार्ड साहित समस्त रिकार्ड में मेरा नाम beerendr kumar pandey है और मेंरे पिता जी नाम baidya nath pandey है जिसे मेरा और मेंरे पिता जी नाम इसी नाम से जाना जाय और पढ़ा जाए

भवदीय

बीरेंद्र कुमार पाण्डेय पिता बैद्यनाथ पाण्डेय ग्राम बरिगबा तह चुरहट जिला सीधी (एम पी)

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा

रीवा। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा निगम सभागार में विभागीय टीएल बैठक ली। इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि वाटर रिचार्ज हेतु स्वीकृत कुओं के टेंडर कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएं और निर्धारित समयसीमा में पूर्ण हों। जोन क्रमांक 04 में स्थित अजब कुंवरी बावड़ी के जीर्णोद्धार संबंधी जानकारी ली गई। साथ ही व्यावसायिक भवनों, सामुदायिक भवनों एवं कॉलोनियों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे और अधिक प्रभावी बनाने के साथ प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर के विवाह घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य रूप से कराए जाने के साथ-साथ अवैध रूप से संचालित विवाह घरों पर निरंतर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। शहर स्थित चिन्हित स्थलों पर वृक्षारोपण कराने की योजना पर शीघ्र अमल करने को कहा गया। सड़क निर्माण के दौरान हो रही पेड़ों की कटाई को रोकने हेतु एमपीआरडीसी को पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए गए। जोन 4 में कालोनाइजर द्वारा खाली प्लॉट्स में जल निकासी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्यवाही करने को कहा गया।

2016 के पूर्व अस्तित्व में आयी अवैध कॉलोनियों, जहाँ पार्क हेतु आरक्षित भूमि नहीं छोड़ी गई है उस पर चर्चा करते हुए कहा कि द्वितीय सूचना के बाद जिनकी जवाबी दावे नहीं आए हैं या उत्तर समाधानकारी नहीं हैं, समिति बनाकर अंतिम निर्णय निर्धारित करते हुए राजस्व वसूली की राशि अधिरोपित कर अधिनियम अनुसार वसूली की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही, शहर के कायाकल्प हेतु निर्माण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जिन संविदाकारों को कार्यादेश जारी किया जा चुका है, लेकिन वे कार्य प्रारंभ नहीं कर रहे हैं, उनके टेंडर निरस्तीकरण की प्रक्रिया आरंभ की जाए। बैठक में कार्यपालन यंत्री श्री राजेश सिंह, श्री एचके त्रिपाठी, उपायुक्त श्री प्रकाश द्विवेदी, श्री एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त श्रीमती रूपाली द्विवेदी, सुश्री शीतल भलावी, श्री रामनरेश तिवारी, श्री केएन साकेत, सहायक यंत्री श्री एसके गर्ग, श्री एसएन द्विवेदी, श्री पीएन शुक्ला, श्री अम्बरीश सिंह, श्री अभिनव चतुर्वेदी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविन्द्र चतुर्वेदी, श्री मुरारी कुमार, सहायक राजस्व अधिकारी श्री रावेन्द्र सिंह, श्री नीलेश चतुर्वेदी एवं उपयंत्री व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

संभागीय दल कर रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण

रीवा (कीर्तिप्रभा) संभाग के सभी जिलों में 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। कमिश्नर बीएस जामोद ने अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों और निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए 6 संभाग स्तरीय अधिकारियों के दल तैनात किये हैं। इन दलों द्वारा भ्रमण करके जल गंगा संवर्धन अभियान का जायजा लिया जा रहा है। गत दिवस संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ. राजेश मिश्रा, परिवहन अधिकारी मनीष त्रिपाठी एवं आपूर्ति नियंत्रक ने सतना जिले के रामपुर बघेलान विकासखण्ड एवं मैहर जिले के अमरपाटन विकासखण्ड में जल संरक्षण कार्यों का जायजा लिया। दल ने खेत तालाब निर्माण तथा कुंए में रिचार्ज पिट निर्माण का अवलोकन किया। इस दल का नेतृत्व चीफ इंजीनियर लोक निर्माण विभाग संजय खाण्डे ने किया। अधीक्षण यंत्री पीएचई तथा अन्य अधिकारियों ने रीवा जिले के सिरमौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बरा में चेकडैम निर्माण एवं बोरीबंधान का निरीक्षण किया। इसी दल ने सीधी जिले के मझौली विकासखण्ड के ग्राम दादर में हितग्राही सुदामा साहू के द्वारा बनाये जा रहे खेत तालाब एवं कुंए में रिचार्ज पिट का भी निरीक्षण किया गया। इसी गांव में रामचन्द्र साहू द्वारा बनाये जा रहे खेत तालाब का निरीक्षण किया गया। ग्राम दादर में गतवर्ष चेकडैम का निर्माण कराया गया था। उसमें अभी भी पर्याप्त पानी उपलब्ध है। जो

जल गंगा संवर्धन अभियान में हो रहा जल संरचनाओं का निर्माण

रीवा (कीर्तिप्रभा) जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पानी को सहेजने के लिए जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि अभियान के तहत मऊगंज जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सरैहा में खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। यहां गत दिवस जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, गांव के सरपंच तथा स्वसहायता समूह की महिलाओं ने मिलकर जल संरक्षण के लिए रैली निकाली। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा ने त्योंथर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत घटेहा में चल रहे अमृत सरोवर और खेत तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाबों के निर्माण के संबंध में उपयांत्रियों को निर्देश दिये। अभियान के तहत कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने रीवा विकासखण्ड के ग्राम भटलों में नल जल योजना की पाइप लाइन लिकेज में सुधार कराकर पानी की आपूर्ति अनुसूचित जाति बस्ती में शुरू करायी।

तबादले के विरोध में हाईकोर्ट जा सकते हैं अधिकारी कर्मचारी

प्रदेश के सभी विभागों में तीस मई तक स्वैच्छिक और प्रशासनिक तबादलों का फैसला ले चुकी सरकार को आशंका है कि तबादले के विरोध में कई अधिकारी, कर्मचारी कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। ऐसे हालातों से निबटने के लिए कई विभागों ने तबादला आदेश जारी करने के पहले हाईकोर्ट में केविएट दायर कर दी है और कोर्ट से आग्रह किया है कि स्थानांतरित कर्मचारियों द्वारा कोर्ट में अपील करने के मामले में कोई फैसला देने से पहले न्यायालय सरकार के संबंधित विभाग का पक्ष भी सुने।तबादला नीति लागू हुए अब तक 28 दिन हो चुके हैं लेकिन पीडब्ल्यूडी और पीएचई विभाग के सौ से अधिक कर्मचारियों अधिकारियों के स्थानांतरण के अलावा किसी दूसरे विभाग ने तबादले की बड़ी सूची जारी नहीं की है। स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, नगरीय विकास और आवास, राजस्व, गृह, लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा, पंचायत और ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य, ऊर्जा और जल संसाधन ऐसे विभागों में शामिल हैं जहां स्थानांतरित किए जाने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों का प्रतिशत अधिक रहेगा।

बाढ़ से निपटने की सभी तैयारियाँ तत्काल शुरु कर दें - कलेक्टर

रीवा (कीर्तिप्रभा) कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि इस वर्ष मानसून के समय से एक सप्ताह पहले पहुंचने तथा अच्छी वर्षा का अनुमान मौसम विभाग द्वारा लगाया गया है। बाढ़ तथा अतिवृष्टि से राहत और बचाव की तैयारियाँ तत्काल शुरू कर दें। जल संसाधन विभाग के अधिकारी त्योंथर तथा जिला स्तर में कंट्रोल रूम बनाकर बाणसागर परियोजना तथा उत्तरप्रदेश के मेजा, सिरसी एवं अदवा बांधों के कंट्रोल रूम से सतत संपर्क में रहें। एसडीएम त्योंथर तथा जवा बाढ़ से प्रभावित होने वाले 120 गांवों में राहत शिविर के लिए उचित स्थलों का चिन्हांकन कर लें। बाढ़ की स्थिति में गोताखोर दल, नाव चलाने वाले, जेसीबी तथा क्रेन चलाने वाले आपरेटर आदि की सूची बनाकर उनके फोन नम्बर कंट्रोल रूम को उपलब्ध करा दें। पंचायत स्तर पर भी बाढ़ राहत और बचाव के उचित प्रबंध कर लें। अतिवृष्टि अथवा बाढ़ की सूचना मिलने पर कंट्रोल रूम तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचना दें। कंट्रोल रूम में पंजी संधारित कर महत्वपूर्ण सूचनाएं प्रतिदिन दर्ज करें।

कलेक्टर ने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आपदा प्रबंधन के लिए जिला स्तर पर टीम गठित कर दें। सभी बीएमओ के पास पर्याप्त दवाएं उपलब्ध करा दें। उप संचालक पशुपालन पशुओं के लिए चारा-भूसा एवं उपचार की व्यवस्था कर लें। बाढ़ में मृत पशुओं के निष्पादन की भी व्यवस्था करें। आयुक्त नगर निगम तथा सभी सीएमओ शहरी क्षेत्र के नालों एवं नालियों की साफ-सफाई तत्काल कराएं। रीवा में बांसघाट, निपनिया, पुष्पराजनगर, बिछिया तथा तरहटी मोहल्लों में बाढ़ का प्रकोप होने पर राहत और बचाव की समुचित व्यवस्था करें। सभी एसडीएम अपने अनुभाग में आपदा प्रबंधन की बैठक करके आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करें। जिला कमाण्डेंट होमगार्ड्स बाढ़ से बचाव के लिए नाव, रस्सी, टार्च तथा अन्य उपकरणों की तत्काल व्यवस्था कर लें। त्योंथर क्षेत्र में आपदा प्रबंधन के लिए लोगों को प्रशिक्षण देकर जागरूक करें। एसडीएम सिरमौर बकिया बराज और टमस बराज के अधिकारियों से संपर्क में रहकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने बाढ़ की स्थिति में बिजली की वैकल्पिक आपूर्ति, वाहनों की व्यवस्था, खाद्यान्न तथा पेयजल की आपूर्ति एवं उपचार व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में 24 घंटे कर्मचारी तैनात रहें। कंट्रोल रूम को शीघ्र सक्रिय करें। अतिवृष्टि की स्थिति में नदियों और बांधों के जल स्तर से संबंधित सूचनाओं को हर घंटे आदान-प्रदान सुनिश्चित करें। उत्तरप्रदेश के जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से भी सतत संपर्क में रहें। बांधों से पानी छोड़े जाने की स्थिति में निचले इलाकों को समय पर सूचना दें। सभी एसडीएम बाढ़ से बचाव तथा राहत कार्य में स्वयंसेवी संस्थाओं और आमजनों के सहयोग के लिए भी सचेत रहें। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, सभी एसडीएम जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

महिलाओं के कार्यस्थल पर आंतरिक समिति गठित करने के निर्देश

रीवा (कीर्तिप्रभा) कार्यस्थल में महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न अन्तर्गत आंतरिक समिति गठित करने के निर्देश दिये गये हैं। समस्त कार्यालय प्रमुखों को अपने कार्यालय में तथा जिले के विभिन्न विभाग, संगठन, उपक्रम, संस्था (शासकीय/अशासकीय), प्राइवेट सेक्टर सोसायटी, दुकान, बैंक, सहकारी संस्थायें, शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थाए, उद्यम मनोरंजक संस्थाए, अस्पताल, स्टेडियम, खेलकूद संस्थान, निवास गृह आदि में जहां 10 या 10 से अधिक कर्मकार (कर्मचारी, अधिकारी) कार्यरत है आंतरिक समिति का गठन के निर्देश दिये गये हैं। समस्त कार्यस्थल का प्रत्येक नियोजक आंतरिक समिति के गठन करने एवं यदि कोई नियोजक उक्त अधिनियम की धारा के अन्तर्गत आंतरिक समिति का गठन करने में असफल रहता है तथा अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करता है या उनके उल्लंघन को दुष्प्रेरित करता है तो वह पचास हजार रूपये तक के जुर्माने से दण्डनीय होगा।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक संतोष कुमार मिश्र द्वारा अदिति प्रिंटर्स, वि. वि. मार्ग खुटेही रीवा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक-* संतोष कुमार मिश्र , * स्थानीय संपादक-योगराज तिवारी, आर.एन.आई. नं. 69841/98
प्रधान कार्यालय रीवा- फोन एवं फैक्स नं. 07662-292777,9425330073,9229876961 Email- samacharrewa@gmail.com * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।

सीधी, सिंगरौली प्रभा

मंगलवार, 03 जून 2025

कलेक्ट्रेट में किया गया राष्ट्र गान एवं राष्ट्रगीत का गायन

सीधी जून माह के कार्य का आगाज राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के गायन के साथ कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुआ।

इस अवसर में अपर कलेक्टर अंशुमन राज, संयुक्त कलेक्टर एसपी मिश्रा, उपखण्ड अधिकारी मझौली आर पी त्रिपाठी, सिहावल प्रिया पाठक सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित उपस्थित रहे।

पीडीएस के हितग्राहियों को 3 माह के खाद्यान्न का वितरण एक साथ

सतना प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार आगामी तीन माह (जून, जुलाई एवं अगस्त 2025) के लिए सभी पात्र हितग्राहियों को खाद्यात्र का वितरण किया जाना है। जिला आपूर्ति अधिकारी मैहर ने बताया कि मौसम में परिवर्तन होने की संभावना को देखते हुए जून माह में ही पीडीएस के हितग्राहियों को तीन माह का खाद्यात्र का वितरण किया जायेगा।

संयुक्त परामर्शदात्री समिति के नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर होगे

सीधी मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन (शासकीय कर्मचारी कल्याण संगठन) मंत्रालय भोपाल के ज्ञाप दिनांक 25 सितम्बर 2014 के द्वारा विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाले संयुक्त परमर्शदात्री परिषद/संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने का निर्देश प्राप्त है।

वंदेमातरम के साथ हुई कार्यालयीन कामकाज की शुरूआत

सतना म0प्र0 शासन के निर्देशानुसार जून माह के प्रथम कार्य दिवस सोमवार को कलेक्ट्रेट में कार्यालयीन कार्यों की शुरुआत राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान के गायन से हुई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रुप से राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का गायन किया। इसके उपरांत शासकीय कार्यालयों में काम-काज की शुरूआत हुई।

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषक संगोष्ठी सम्पन्न

सतना विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत मैहर जिले के ग्राम पंचायत सोनवारी, डेलहा एवं हरदासपुर में सोमवार को किसान संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संगोष्ठी में कृषि वैज्ञानिक, उपसंचालक पशुपालन, कृषि, उद्यान, फसल बीमा के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई।

8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

सतना राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रघुराजनगर (नगरीय) सतना राहुल सिलाडिया द्वारा आदेशानुसार नीमी स्थित नहर में डूबने से मृत्यु होने पर 2 व्यक्तियों पर 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

बालक-बालिका खिलाडियों की चयनस्पर्धा का आयोजन 4 जून को

सतना जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025-26 में मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी की रोइंग विधा में प्रवेश के लिए बालक-बालिका खिलाडियों की चयनस्पर्धा का आयोजन 4 जून को ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट के खेल मैदान में किया जाना है।

स्व सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनीं पिंगला साकेत

सतनासतना जिले के रामपुर बाघेलान विकासखण्ड के ग्राम मलगांव की पिंगला साकेत स्व सहायता समूह से जुडकर लखपति दीदी बन चुकी है।

6 महीने से अधिक समय का कोई राजस्व प्रकरण नहीं रहे लंबित-कलेक्टर

समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में राजस्व की समीक्षा

अनेक राजस्व अधिकारियों के वेतन काटने के निर्देष

सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने राजस्व अधिकारियों को 6 महीने से अधिक समय का नामांतरण, सीमांकन सहित कोई भी राजस्व प्रकरण लंबित नहीं रखने के निर्देश दिये हैं। समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में भू-अर्जन के अंतरविभागीय मामलों और राजस्व कार्यों की समीक्षा में कलेक्टर ने अनेक राजस्व अधिकारियों की वेतन काटने और अगले शुक्रवार तक राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति नहीं लाने पर संबंधित एसडीएम के विरूद्ध कार्यवाही की चेतावनी दी है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, एसडीएम जीतेन्द्र वर्मा, राहुल सिलाडिया, एलआर जांगडे, अधीक्षण यंत्री विद्युत पीके मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी, जनपद के सीईओ, नगर पंचायतों के सीएमओ उपस्थित थे।

सोमवार को संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में राजस्व की समीक्षा के दौरान 6 महीने से ऊपर के लंबित सीमांकन प्रकरणों की जानकारी ली। कलेक्टर ने रामपुर बघेलान और सज्जनपुर सर्किल की नायब तहसीलदार ममता पटेल के 6 प्रकरण 6 महीने से ऊपर लंबित रहने पर एक हफ्ते का वेतन, तहसीलदार कोटर सुजीत नागेश के 13 प्रकरण 6 माह से ऊपर लंबित रहने पर 7 दिन का वेतन, नायब तहसीलदार चित्रकूट हिमांशु शुक्ला के 5 प्रकरण पर 5 दिन का वेतन, उचेहरा नायब तहसीलदार सौरभ द्विवेदी के 6 प्रकरण होने पर एक सप्ताह का वेतन, बरौंधा नायब तहसीलदार सुदामा कोरी, जसो के यादवेन्द्रमणि त्रिपाठी, हाटी के नायब तहसीलदार राजेश सिंह, नागौद तहसीलदार सौरभ मिश्रा के 6 से अधिक प्रकरण 6 माह से अधिक समय के लंबित रहने पर एक-एक सप्ताह का वेतन काटने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने नागौद तहसील में राजस्व कार्यों का परफारमेंस 0.78 प्रतिशत पाये जाने पर गहरी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए एसडीएम नागौद को ध्यान देने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि अगले शुक्रवार तक सभी राजस्व अधिकारी राजस्व कार्यों में प्रगति लाये। कम से कम 50 प्रतिशत की उपलब्धि नहीं आने पर शुक्रवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक में पुनः समीक्षा कर संबंधित एसडीएम के खिलाफ कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। राजस्व कार्यों में प्रगति लाने सभी एसडीएम अपने अधीनस्थ तहसीलदार, आर.आई. पटवारियों को सचेत करेंगे।

अज्ञात वाहन से दुर्घटना के पीड़ितों के प्रकरण तत्काल प्रस्तुत करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

सीधी कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा अज्ञात वाहन से दुर्घटना के पीड़ितों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मोटरयान अधिनियम के संशोधित प्रावधानों के अनुसार मृत व्यक्ति के परिजनों को दो लाख रुपए की सहायता राशि दी जाती है। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 50 हजार रुपए तक की सहायता का प्रावधान है।

सभी एसडीएम अधिनियम के प्रावधानों के तहत एसडीओपी तथा थाना प्रभारी के द्वारा जानकारी प्राप्त कर समस्त अभिलेखों के साथ सहायता राशि के लिए प्रकरण कलेक्ट्रेट कार्यालय को प्रस्तुत करें। राहत शाखा के प्रभारी अधिकारी सात दिवस में सभी प्रकरण पूरे विवरण के साथ ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करा दें। प्रकरण के साथ एफआईआर की कॉपी, पीड़ित के आश्रितों के बैंक खाता संख्या, मृत व्यक्ति के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट सहित प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण में दर्ज करें।

कलेक्टर ने कहा कि राहवीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना के एक घंटे के गोल्डन पीरियड में पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने पर 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें जिससे दुर्घटना पीडितों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए लोग आगे आएं। भारत सरकार की सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार योजना 2025 के तहत दुर्घटना पीड़ित को योजना में शामिल अस्पतालों में दुर्घटना से 7 दिन की अवधि तक एक लाख 25 हजार रुपए की सहायता निरूशुल्क दी जाती है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल व्यक्ति को तत्काल उपचार सहायता उपलब्ध कराना है। स्वास्थ्य विभाग के प्रावधानों के अनुरूप योजना का लाभ पीड़ितों को दिया जाएगा। इस योजना का भी व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं।

बैठक में आरटीओ आशुतोष सिंह भदौरिया ने योजना के प्रावधानों की जानकारी दी।

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को संतुष्टिपूर्ण निराकृत करायें - कलेक्टर

सीधी समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन की नियमित समीक्षा करें तथा प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर शिकायतों को निराकृत करायें।

कोई भी शिकायत नॉन अटेण्डेड नहीं रहे और निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों की संख्या न्यूनतम रहे। उन्होंने कहा कि मई-25 की शिकायतों के निराकरण में सभी विभाग ए-ग्रेड के लिए प्रयास करेंगे। शिकायतकर्ता से संपर्क कर उनकी वैध समस्याओं का तत्परता से निराकरण सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने सीमांकन एवं भुगतान लंबित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने आरबीसी 6(4) के तहत राहत प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पहुंच विहीन ग्रामों में अगले चार माह का खाद्यान्न भंडारण करने के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग को सभी शासकीय भवनों का वर्षा पूर्व साफ-सफाई तथा मरम्मत करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कोविड के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को ड्रिप स्प्रिंकलर की सलाह दी गई

सीधी सीधी जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र सीधी एवं कृषि अधिकारियों द्वारा किसानों को आधुनिक सिंचाई तकनीकों, विशेष रूप से ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणालियों को अपनाने की सलाह दी गई। विकसित कृषि संकल्प अभियान में आज पांचवे दिन पहले दल द्वारा रामपुर नैकिन विकासखंड के चंदरेह, शिकारगंज, रैदूरिया, दूसरे दल द्वारा सिहावल विकासखंड के अमिलिआ, हिनौती तथा तीसरे दल द्वारा कुसमी विकासखंड के भेड़रा, गाजर, कमछ में शिविर किया गया।

वैज्ञानिकों ने बताया कि ड्रिप सिंचाई से पानी की बचत 40-60 प्रतिशत तक होती है, जो सीधी जैसे कम जल उपलब्धता वाले क्षेत्रों के लिए आदर्श है। स्प्रिंकलर प्रणाली दलहन और तिलहन फसलों, जैसे सोयाबीन और अरहर, के लिए उपयुक्त है, जो इस क्षेत्र में प्रमुख हैं। ये तकनीकें फसलों को समान सिंचाई प्रदान करती हैं, जिससे पैदावार बढ़ती है और लागत कम होती है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पाइप स्प्रिंकलर सेट (प्रति हेक्टेयर यूनिट लागत रूपये 19,600) पर सब्सिडी प्रदान की जाती है। छोटे और सीमांत किसानों को 55 प्रतिशत सब्सिडी (अधिकतम रूपये 12,000 प्रति हेक्टेयर), अन्य श्रेणी के किसानों को 45 प्रतिशत सब्सिडी, और अनुसूचित जाति/जनजाति एवं महिला किसानों को विशेष प्राथमिकता के साथ 55 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाती है। मोबाइल रेन गन पर सभी श्रेणी के किसानों के लिए 45-55 प्रतिशत सब्सिडी उपलब्ध है।

शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें त्यौहार- अपर कलेक्टर

सीधी अपर कलेक्टर अंशुमन राज तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में दिनांक 07 जून को ईदुज्जुहा एवं 06 जुलाई को मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

अपर कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्यौहार के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधी को ईदगाह के आस-पास रोड, नाली की सफाई तथा रोड के किनारे लगे ठेला हटाने संबंधी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही छाया, वाहन पार्किंग एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। ईदुज्जुहा त्यौहार पर बलि का अवशेष नाली में नहीं फेंका जाए इसके लिए नगर पालिका की गाड़ी सभी वार्डों में घुमाने के निर्देश दिए गए है। विद्युत प्रवाह निरंतर बनाए रखने के लिए कार्यपालन यंत्री विद्युत मण्डल सीधी को निर्देशित किया गया है।

बैठक में ईदुज्जुहा एवं मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मानने के लिए जिला स्तर से मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक पुलिस बल यथा स्थान तैनात करने के निर्देश दिए गए है। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों का प्रचार प्रसार नहीं करने की अपील की गई है।

रेल यात्रियों की सुविधा हेतु सौपा ज्ञापन

मैहर। डीआरयूसीसी मेम्बर बलराम जग्यासी ने संसदीय कार्यालय मैहर में सोमवार को सतना सांसद गणेश सिंह को माँ शारदादेवी की चुनरी भेंटकर स्वागत किया। तदुपरांत मैहर में यात्री सुविधा हेतु ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में रीवा पुणे घोषित नई ट्रेन का स्थानक मैहर में करने के साथ ही प्रमुख ट्रेन रायपुर लखनऊ गरीबरथ, अयोध्या रामेश्वरम ट्रेन एवं पुणे जसडीह बाबा बैजनाथ धाम आदि ट्रेनों के स्थानक मैहर में प्रारम्भ करने कि मांग की गई।

साथ ही विंध्य क्षेत्रवासियों के हितार्थ रीवा से जयपुर अजमेर नई ट्रेन प्रारम्भकरने तथा कटनी स्टेशन में पूरा दिन खड़ी रहने वाली भुसावल कटनी एक्सप्रेस को रीवा तक बढ़ाने का अनुरोध भी सांसद से की गई। इस अवसर पर जेडआरयूसीसी मेम्बर संजय राय, सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी, देवेन्द्र पांडेय एवं राजेश लालवानी की उपस्तिथि रही।

भारतीय मजदूर संघ की बैठक आयोजित

मैहर। भारतीय मजदूर संघ जिला मैहर की बैठक जिला अध्यक्ष कैलाश कछ्वाह की अध्यक्षता में सरस्वती विद्यालय के सभागार में आयोजित की गई। जिसमें भारतीय मजदूर संघ जिला मैहर के खाता का संचालन संगठन के विस्तार के संबंध में चर्चा और विभिन्न आयाम के गठन के प्रभारी नियुक्त किए गए। बैठक में मनोज शुक्ला, विजय मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष कल्पना सिंह, जिला विधिक परामर्शदाता सुरजीत सिंगरहा उपस्थित रहे।

पाल महासभा के तत्वावधान में देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई

नागौद ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षक राममूर्ति पाल रहे और अध्यक्षता डाण्यसण्यनण्सिंह पाल ब्लाक अध्यक्ष नागौद ने की।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एडवोकेट के पी पाल राम सिया पाल रेल्वे ग्याशी पाल एबृजलाल पाल जिला अध्यक्ष पाल समाज पन्ना शंभू प्रसाद पालए रंगीलाल पाल पूर्व जनपद सदस्य राम विश्वास पाल रामसेवक पाल सभापति कृषि समिति जनपद पंचायत नागौद आशीष पाल पटवारी सुखेन्द्र पाल मौजूद थे ।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम लोकमाता अहिल्याबाई की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर उनके चरणों में अर्पित कर किया गया । इसके बाद ब्लॉक महासभा नागौद की कमेटी द्वारा आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर व बैच लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राममूर्ति पाल ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर त्याग समर्पण एवं न्याय की प्रतिमूर्ति थी । उनके राज्य में प्रजा पूरी तरह से संतुष्टि रहती थी । अहिल्याबाई होलकर के जीवन से आज हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है और उनके रास्ते पर चल कर समाज एवं देश की प्रगति में सहभागी बनने की जरूरत है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एड के पी पाल ने कहा कि आज हमें जो भी मिला है भारत के संविधान से मिला है।

संविधान ही हमारे लिए सर्वोपरि है। बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा। इस लिए बच्चों को अच्छी शिक्षा लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ.यस.यन.सिंह पाल ने कहा कि लोकमाता न्याय करने में कभी संकोच नहीं करती थी । एक बार उन्होंने अपने बच्चे को भी रथ के सामने बांध कर कुचलने का आदेश दे दिया था। और भारत के सभी मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया चाहे काशीविश्वनाथ बनारस का मंदिर होए उज्जैन का मंदिर हो या दक्षिण भारत के मंदिर हो

अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित

कलेक्टर ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

सीधी कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले में अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होने ऐसी परिस्थितियों में लोगों के जीवन की रक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिला स्तर एवं खंड स्तर में बाढ़ कंट्रोल रूम बनाने तथा जानकारियों के त्वरित आदान-प्रदान के लिए वाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने जिले के विगत 5 वर्षों के अनुभव के आधार पर अतिवृष्टि के कारण बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर उक्त क्षेत्रों में बाढ़ आने की स्थिति से निपटने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि राहत एवं बचाव के लिए सुनियोजित कार्य योजना तैयार करें तथा उसके विषय में संबंधित क्षेत्र के निवासियों को भी अवगत करायें।

ऐसे क्षेत्र के ग्रामीण जनों को संभावित खतरों के विषय में जागरूक करें तथा उन्हें ऐसी परिस्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में भी अवगत करायें। कलेक्टर ने राहत एवं बचाव कार्य के लिए स्थानीय स्तर पर दलों को बनाने के निर्देश दिए हैं जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के कुशल तैराकों एवं इच्छुक वालेंटियर्स को सम्मिलित किया जाए। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को जिले के बांधों विशेषकर बाणसागर एवं गुलाब सागर की स्थितियों की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि बांधों के भरने की स्थिति में गेट खोलने की आवश्यकता होगी ऐसे में निचले स्तर के ग्रामों तथा बसाहटों में पानी भरने की संभावना होगी। ऐसी बसाहटों की पहचान कर वहां के लिए कार्य योजना बनाए। गेट खोलने के पूर्व ग्रामवासियों को सूचना देने का तंत्र विकसित करें तथा उनके लिए सुरक्षित स्थानों की पहचान करें।

विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को दी गई जानकारी

सतना खरीफ सीजन 2025 को दृष्टिगत रखते हुये कृषक हितार्थ योजनाओं, सामयिक तकनीकी जानकारी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, धान की सीधी बुवाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अग्रणी कृषकों को जोड़ने, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, कृषि मशीनरी एवं ड्रोन का जीवंत प्रदर्शन, उद्यानिकी, पशुपालन विभाग की जानकारी दी गई।

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के पांचवे दिन सोमवार को प्रत्येक विकासखण्ड के 03-03 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम अनुसार जनप्रतिनिधियों, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों, कृषि एवं एलाइड विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि, प्रगतिशील कृषक की उपस्थिति में आयोजन किया। जिसमें सोहावल विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मदनी, पोडी, रायपुर, विकासखण्ड रामपुर बाघेलान के ग्राम पंचायत लौलाछ, ठठौरा, गोलहटा, विकासखण्ड मझगवां के ग्राम पंचायत झरी, नकैला, साडा, विकासखण्ड नागौद के ग्राम पंचायत उमरिहा, जसो, खमरेही, विकासखण्ड उचेहरा के ग्राम पंचायत बडखुरा, बाबूपुर, अतरहार, विकासखण्ड अमरपाटन के ग्राम पंचायत मुकुन्दपुर, धोबहट, आमीन ग्राम पंचायत, विकासखण्ड मैहर के हरदासपुर, डेल्हा, विकासखण्ड रामनगर के मिरगौती, हरदुआ, चंदवार ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अनादर करता है, वैसे-वैसे वह उसकी कांति को बढ़ाता है।

- वासवदत्ता

लेजर हथियारों के साथ लड़ा जाएगा विश्व युद्ध?

इजराइल दुनिया का पहला ऐसा देश बन गया है, जिसने युद्ध क्षेत्र में लेजर हथियारों का इस्तेमाल कर दुश्मन के ड्रोन गिराये हैं। इजराइल के रक्षा मंत्रालय के ब्रिगेडियर जनरल ने इसकी पुष्टि कर दी है। उन्होंने कहा कि हमने हाई पावर लेजर का पहला प्रयोग युद्ध भूमि पर सफलतापूर्वक किया है। एक वीडियो भी जारी किया गया है, जिसमें लेजर किरणें ड्रोन पर निशाना साधते हुए दिख रही हैं। लेजर किरणों से ड्रोन के पंख में आग लग गई और वह गिरकर नष्ट हो गया। लेजर सिस्टम की इजराइल डिफेंस कंपनी ने इसे विकसित किया है। यह तकनीक प्रकाश किरण (लेजर बीम) के माध्यम से अपने लक्ष्य को तय करती है और लक्ष्य में पहुंचते ही उसे नष्ट कर देती है। इजराइल लेजर को आयरन बीम के साथ जोड़कर बड़े पैमाने पर इसकी तैनाती कर रहा है। वर्तमान में तीसरे युद्ध की आशंका देखने को मिल रही है। घातक हथियारों से पूरी दुनिया के देश लेस हैं। तीसरा विश्व युद्ध अत्याधुनिक तकनीकी से लड़ा जाएगा, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई, ऑटोमेटिक सिस्टम और घातक हथियारों के साथ होगा। यदि इस प्रकार से तीसरा विश्व युद्ध होगा तो कितना विनाशकारी होगा, इसकी कल्पना मात्र से भय लगता है। पिछले कुछ महीनो में जिस तरह से युद्ध क्षेत्र में पारंपरिक हथियार ड्रोन के माध्यम से अत्याधिक स्वचालित प्रणाली से जो युद्ध लड़े जा रहे हैं, वह मानवीय जीवन के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गए हैं। अत्याधुनिक प्रभावशाली घातक हथियार जिस तरह से विनाश कर रहे हैं, उसको देखते हुए आज सारी दुनिया भयाक्रांत है। किस देश ने कौन सी तकनीकी तैयार कर ली है और कौन से हथियार तैयार कर लिए गए हैं, इसकी जानकारी अन्य देशों के पास उपलब्ध नहीं होने से इनसे बचाव करना भी बड़ा मुश्किल हो गया है। रूस और यूक्रेन के बीच पिछले कई महीनों से युद्ध चल रहा है। इसमें दोनों ही देश का भारी विनाश हुआ है। इजराइल आज सारी दुनिया के लिए एक सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। इजराइल और फिलीस्तीन के बीच शुरू हुए युद्ध में अभी तक लाखों लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा एक तरह से बर्बाद हो चुका है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं इस युद्ध को रोकने में कोई भूमिका अदा नहीं कर पाई हैं। हमास को खत्म करने के लिए इजराइल ने जो हमले गाजा पर शुरू किए थे, वे इतने विनाशकारी होंगे इसकी कल्पना भी वर्तमान में करना मुश्किल है।

अब लेजर किरणों से यदि विश्व युद्ध लड़ा जाएगा तो भगवान ही मालिक होगा। इसके परिणाम किस तरह के होंगे, यह कहना मुश्किल है। युद्ध के मैदान में अभी तक लाइटरिंग म्युनिशंस ड्रोन लक्ष्य का पता लगाकर हमला करते हैं। मिसाइल रक्षा प्रणालियां एआई आधारित ड्रोन, परमाणु हथियार, रूस की सामरिक परमाणु मिसाइल, उत्तर कोरिया की हाउसांग मिसाइलें, रासायनिक एवं जैविक हथियारों आदि का तृतीय विश्व युद्ध में यदि उपयोग किया गया, तो विनाश की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। जिस तरह से तीसरे विश्व युद्ध की आशंका दिखने लगी है, उसको देखते हुए महाभारत काल की भी याद आने लगी है। भगवान कृष्ण के कहने पर कौरवों ने पांच गांव भी पांडवों को नहीं दिए थे। महाभारत का युद्ध हुआ। यह इतना विनाशकारी था कि युद्ध खत्म होने के बाद कौरव और उनकी सेना पूरी तरह से नष्ट हो गई। भगवान कृष्ण के नेतृत्व में पांडव यह युद्ध जीत गए थे। लेकिन किसके ऊपर राज करेंगे यह उन्हें समझ नहीं आया। जिनके ऊपर राज करना था वह महाभारत के युद्ध में नष्ट हो चुके थे। ऐसी स्थिति में पांडवों को भी वानप्रस्थ की ओर जाना पड़ा था। संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्थाओं का इजराइल पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। अमेरिका भी इजराइल को नियंत्रित नहीं कर पा रहा है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू किसी की बात सुनने के लिए तैयार नहीं है। दूसरी तरफ रूस और यूक्रेन के कई महीनो से चल रहे युद्ध को भी रोका नहीं जा सका है। भारत और पाकिस्तान के बीच एक नया तनाव देखने को मिल रहा है। चीन नई भूमिका में आ गया है। ऐसी स्थिति में जो दुनिया भर के देशों ने घातक हथियार बनाकर रखे हैं, उनसे कितना बड़ा नुकसान होगा। इसकी कल्पना सहज रूप से नहीं की जा सकती है। दुनिया के सभी देशों में आज एक दूसरे से लड़ने की मानसिकता बनी हुई है। प्रथम विश्व युद्ध में जो विनाश हुआ था, उसके बाद लोगों ने शांति के पथ की ओर बढ़ाना शुरू किया था। दूसरा विश्व युद्ध पहले विश्व युद्ध की तरह नहीं था द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सारी दुनिया के देश शांति के साथ मानवीय सभ्यता का विकास कर रहे थे। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में विशेष रूप से वैश्विक व्यापार संधि के बाद जो पूंजीवाद का भयानक रूप सामने देखने को मिल रहा है। उसके कारण सभी देश के बीच जिस तरीके की प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। वही तीसरे विश्व युद्ध का कारण बनता हुआ दिख रहा है।

दुग्धशाला की शक्ति का परिचायक है आत्मनिर्भरता

दूध में कैल्शियम, मैग्नीशियम, ज़िंक, फास्फोरस, आयोडीन, आयरन, पोटैशियम, फोलेट्स, विटामिन ए, विटामिन डी, राइबोफ्लेविन, विटामिन बी-12, प्रोटीन आदि मौजूद होते हैं। गाय के वसा रहित दूध (स्किम्ड मिल्क) में कोलेस्ट्रॉल 2-5 मिलीग्राम प्रति 100 मिलीलीटर होता है। पूर्ण वसा (फुल क्रीम) वाले दूध में कोलेस्ट्रॉल 10-15 मिलीग्राम प्रति 100 मिलीलीटर होता है। आंकड़ों के अनुसार एक स्वस्थ्य व्यक्ति 300 मिलीग्राम कोलेस्ट्रॉल प्रतिदिन ले सकता है। अतएव दूध पीने से हृदयघात होने की संभावना नगण्य होती है। दूध में मुख्यतः केसिन और व्हेय नामक दो प्रोटीन पाए जाते हैं। दूध में प्रोटीन का 80 प्रतिशत हिस्सा केसिन के रूप में होता है और बाकी 20 प्रतिशत हिस्सा व्हे का होता है। दूध में व्याप्त केसिन प्रोटीन, कैल्शियम और फॉस्फेट के साथ मिलकर छोटे छोटे कण बनाते हैं जिन्हें मिसेल्स कहा जाता है। जब प्रकाश इन मिसेल्स से टकराता है तो यह प्रकाश अपरिवर्तित होकर फ़ैल जाता है। दूध में पाए जाने वाला वसा के कण (फैट ग्लोबुल्स) भी प्रकाश के प्रकीर्णन का कारण बनते हैं। अतएव दूध का रंग सफ़ेद दिखाई देता है। कहने का तात्पर्य यह है कि जिस दूध में जितना ज्यादा वसा (फैट) होगा उसका रंग उतना ही सफ़ेद दिखाई देगा। गाय के दूध में भैंस के दूध की अपेक्षा वसा (फैट) कम होता है और केसिन नामक प्रोटीन भी कम होता है। इसलिए गाय का दूध हल्का पीला दिखाई देता है। दूध में कैरोटीन और कैसिन नामक दो वर्णक (पिगमेंट) होते हैं जो उसके रंग को प्रभावित करते हैं। अतएव कैरोटीन की वजह से गाय के दूध में हल्का पीला रंग होता है, जबकि कैसिन की वजह से दूध का रंग सफेद होता है। भैंस के दूध में केरोटीन कम होता है और फैट ज्यादा। जबकि गाय के दूध में केरोटीन ज्यादा और फैट अपेक्षाकृत कम होता है। अतएव हम कह सकते हैं कि दूध एक अपारदर्शी, सफेद तरल उत्पाद है।

डेयरी शब्द को दुग्ध उद्योग से जोड़ कर देख सकते हैं। दूध को विभिन्न डेरी उत्पादों में परिवर्तन के लिए प्रसंस्करण किया जाता है। दूध के विभिन्न उप उत्पाद भी होते हैं जिन्हे तकनीकी भाषा में मिल्क बाई प्रोडक्ट (दूध के उप उत्पाद) भी कहा जाता है। डेयरी उत्पाद में दूध प्राथमिक घटक के रूप में प्रयोग होता है। जैसे की दूध, दही, पनीर, आइसक्रीम। डेयरी उप उत्पादों में व्हेय, छाछ, स्किम मिल्क, घी के अवशेष (घी रेज़िड्यू) आदि आते हैं। दूधऔर डेयरी (दुग्धशाला) का सम्बन्ध बगिया और माली जैसा है। जिस प्रकार एक माली अपनी बगिया को सींचता और सम्हालता है। उसी प्रकार एक माली रूपी डेयरी (दुग्धशाला), बगियारूपी दूध को सम्हालता और संरक्षित करता है। डेयरी (दुग्धशालाएँ) दूध की सुंदरता और उनकी दिव्यता का द्योतक है। दूध का रखरखाव और उसको ताजा बनाए रखने की जिम्मेदारी डेयरी (दुग्धशाला) की होती है। जिसको तकनीकी भाषा में शेल्फ लाइफ ऑफ़ मिल्क कहा जाता है। अर्थात दूध की पोषकता को लम्बे समय तक बनाए रखना। पोषकता का सम्बन्ध शुद्धता से होना चाहिए। शुद्ध दूध ही एक स्वस्थ्य शरीर का परिचायक है। डेयरी उद्योगों (दुग्धशालाओं) के लिए शुद्धता ही प्राथमिकता होनी चाहिए। अधिकांश डेयरी उद्योग (दुग्धशालाएं) शुद्धता का ख्याल रखते हैं और शुद्ध दूध को ही जन जन तक पहुँचाते हैं। भारत में ब्रांडेड डेयरी (दुग्ध्शाला) में अमूल, पारस, ज्ञान, नमस्ते इंडिया, सुधा, आदि डेयरी आती है। भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में भी बहुत सी लोकल सर्टिफाइड डेयरी (दुग्धशालाएँ) काम कर रही हैं। ये सभी गुणवत्ता व शुद्धता के मामले में काफी आगे हैं। ये सभी डेयरी दूर दराज में रहने वाले लोगों के लिए राम बाण साबित होती हैं। जिस शहर और क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन की कमी होती है, वहाँ इन डेयरी (दुग्ध्शाला) द्वारा कमी को पूरा किया जाता है। कुल मिलाकर जनसँख्या के हिसाब से दूध की जितनी खपत है भारत दूध का उतना उत्पादन करने में सक्षम है। अतएव हम कह सकते हैं कि दुग्धशालाएं, दूध को संरक्षित और सुरक्षित करती हैं। विश्व में भारत दुग्ध उत्पादन में प्रथम स्थान रखता है। वर्ष 2025 में विश्व दुग्ध दिवस की 25 वीं वर्षगाँठ मनाई जा रही है। विश्व दुग्ध दिवस प्रत्येक वर्ष 1 जून को मनाया जाता है। विश्व दुग्ध दिवस 2025 का थीम/प्रसंग है- आइए डेयरी की शक्ति का जश्न मनाएं। असली मायने में हम डेयरी की शक्ति का जश्न तभी मना सकते हैं जब हर घर दूध और दूध से बने उत्पाद शुद्धता के साथ पहुंचे। डेयरी उत्पाद का शुद्ध होना आवश्यक है। शुद्धता ही असली स्वास्थ्य की निशानी है। तभी हम कह सकते हैं कि दूध व दूध से बने उत्पाद वैश्विक पोषण का आधार हैं। भारत में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड डेयरी उद्योग के विस्तार के लिए काम करती है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एन डी डी बी) के संस्थापक डॉ. वर्गीस कुरियन थे। डॉ. वर्गीस कुरियन को भारत में श्वेत क्रांति का जनक भी कहा जाता है। लोगों या किसानों को डेयरी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की कुछ योजनाएं हैं जिनका लाभ उठाया जा सकता है। भारत सरकार की डेयरी उद्यमिता विकास योजना (डी ई डी एस) के तहत आम नागरिक और किसान मिल्क कलेक्शन सेंटर खोल सकते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, कामधेनु डेयरी योजना, नंद बाबा डेयरी मिशन आदि योजनाएं एक सफल डेयरी उद्योग खोलने में मदद कर सकती हैं। अतः बिना डेयरी उद्योग (दुग्धशाला) के दूध की दिव्यता अधूरी है। यह कहने में अतिश्योक्ति नहीं होगी कि दूध की दिव्यता का स्रोत डेयरी (दुग्धशाला) ही हैं। डेयरी (दुग्धशाला) सेक्टर आत्मनिर्भरता की कुंजी है। देश में बढ़ते डेयरी उद्योग लोगों को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। आत्मनिर्भरता स्वतन्त्रता का सूचक है। स्वतन्त्रता सकून और शांति को जन्म देती है। अतएव हम कह सकते हैं कि आत्मनिर्भरता डेयरी (दुग्धशाला) की शक्ति का परिचायक है।

कोरोना की फिर बढ़ी रफ्तार, हो जाएं होशियार

कोरोना की रफ्तार फिर पहले सरीखे गति पकड़ रही है। देश-दुनिया में चिंता है। भारत में हर दिन नई-नई आती सूचनाएं डरा रही हैं। उंगलियों पर गिने जाने वाले आंकड़े हफ्ते भर में ही हजारों में पहुंच गए। मरने वालों की संख्या में भी हो रही वृध्दि अलग डराती है। कहां 19 मई तक आधिकारिक तौर पर 257 मामले थे। इस रविवार सुबह तक यह आंकड़े 3395 पार गए हैं। मरने वालों की संख्या भी हर रोज बढ़ रही है। सबसे ज्यादा केरल में 1336 सक्रिय मामले हैं। वहीं इससे होने वाली मौतों की शुरुआत भी हो चुकी है जो अभी बहुत ही कम है। लेकिन एक दिन में 685 मामले दर्ज होना, बड़ा इशारा है। महाराष्ट्र में 467 दिल्ली में 375 गुजरात में 265, कर्नाटक में 234, पश्चिम बंगाल में 205, तमिलनाडु में 185 मामले आए हैं। हांगकांग और सिंगापुर में यह बहुत तेजी से फैलते कोरोना ने भारत में जिस तरह पैर पसारा वो चिंतनीय है। इसके नए वैरिएंट जेएन-1 का प्रकोप जारी है जो पहली बार अगस्त 2023 में मिला था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे दिसंबर 2023 में ही च्वैरिएंट ऑफ इंटरेस्टज् घोषित कर साफ किया था कि यह ओमीक्रॉन बी.ए.2.86 का वंशज है। इसमें 30 के लगभग म्यूटेशन पाए गए जिनमें एल.एफ.7 और एन.बी.1.8 की संख्या ज्यादा थी। कोरोना की यह नई लहर साउथ-ईस्ट एशिया में कुछ ज्यादा ही असर दिखा रही है। सिंगापुर, हांगकांग और थाईलैंड जैसे देशों में कोविड के मामले बहुत ही तेजी से बढ़ने के बाद अब भारत में रफ्तार पकड़ रहे हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि इसका कारण लोगों के शरीर में एंटीबॉडी का कम हो जाना भी है। भारत में भी ऐसी संभावनाओं से इंकार नहीं है।

इतना तो लगने लगा है कि सप्ताह भर में ही बढ़े संक्रमण के मामलों में जो उछाल आया है वो चिंताजनक है। चीन से भी छन-छन कर जो निकल रहा है उससे इतना तो पता चल गया कि वहां भी बीते एक महीने में कोरोना के मामलों में काफी तेजी आई है। लेकिन दुनिया को कोरोना देकर भी छुपाने और तबाही की कगार पर पहुंचाने के बाद चीन से जितने सच सामने आए, उसने दुनिया में कैसा विनाश मचाया था, सबने देखा। इस बार संक्रमित होने वाले अधिकतर लोग वो ज्यादा हैं जो या तो कोमर्बिडिटी यानी सह-रुग्णता वाली स्थिति में हैं। इसमें प्रभावितों को एक ही समय में एक से अधिक बीमारियाँ होती हैं जिसके कई कारण हो सकते हैं। कुछ सामान्य जोखिम कारक होते हैं, जबकि कुछ अन्य स्थितियों से उत्पन्न लक्षणों या उसके उपचारों के कारण होते हैं। अभी ज्यादातर लक्षण, कोमोर्बिटी या फिर 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में दिख रहे हैं। लेकिन प्रभावित हर आयु वर्ग के लोग हो रहे हैं। स्वास्थ्य जोखिमों को देखते हुए अधिकारियों ने डॉक्टर की सलाह पर अपडेटेड वैक्सीन लेने की सलाह दी है। उच्च जोखिम वालों बुजुर्गों, कोमोर्बिटी के शिकार को पहले से ही सालाना कोविड-19 वैक्सीन लेने की सलाह दी जाती रही है।

केरल के बाद महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में भी कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ना चिंताजनक है। उधर अब हॉन्गकॉन्ग के स्वास्थ्य अधिकारी अल्बर्ट अउ का वो बयान सामने है जिसमें उन्होंने माना कि कोरोना वायरस के मामले वहां तेजी से बढ़ रहे हैं। सांस लेने की तकलीफ वाले मरीजों के कोविड पॉजिटिव पाए जाने की संख्या अभी साल के महज पाँचवें महीने में ही उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। जबकि चीन में श्वांस संबंधी बीमारियों की जांच करवाने वाले मरीजों में कोविड वायरस पाए जाने के मामले दो गुने होना चिंताजनक है। लोगों को बूस्टर शॉट लेने की सलाह दी गई है। साथ ही चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों के मुताबिक, कोविड की लहर जल्द ही तेज भी हो सकती है। चीन, थाईलैंड और हांगकांग में वहां की सरकारें अलर्ट पर हैं।साउथ-ईस्ट एशिया के हालात देखते हुए भारत भी सतर्क है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक यानी डीजीएचएस ने राष्ट्रीय रोग नियंत्रण, आपदा प्रबंधन सेल, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और केंद्रीय सरकारी अस्पतालों के विशेषज्ञों के साथ बैठकें कर चुके हैं। देश की बड़ी आबादी के दृष्टिगत बढ़ती संख्या कहीं न कहीं चिंता बढ़ाने वाली है।

सच्चा मित्र संजीवनी की तरह

हम सभी के परिचित और दोस्त होते हैं। भले ही बचपन के, स्कूल, कॉलेज, ऑफिस या आस-पास कॉलोनी में रहने वाले हों, मित्र तो सभी के होते हैं। सच्चा मित्र बनना और बनाना हर इंसान की इच्छा होती है। लेकिन, सच्चे मित्र बहुत कम मिल पाते हैं। ऐसा मित्र, जिस पर हम भरोसा कर सकें, जिसके साथ अपनी हर बाते शेयर कर सकें। धर्मशास्त्रों में सच्चा मित्र उसे कहा गया है, जो सुख-दुख में साथ दे। ऐसे दोस्त से कभी भी डर नहीं लगता। ये सही रास्ते पर चलने में हमारे मददगार होते हैं। लेकिन, ऐसा दोस्त कौन है? क्या वह जो सिर्फ परिचित है? सच्ची दोस्ती प्रेम, विश्वास व भरोसा, एक-दूसरे का ख्याल रखने और चिंताओं पर ही आधारित होती है। क्या, कभी इस प्रश्न का उत्तर आपने खुद से पूछा है?

प्रिय शब्दों से मित्रों की संख्या बढ़ती है और मधुर वाणी से मैत्रीपूर्ण व्यवहार। हमारे परिचित अनेक हों, किंतु परामर्शदाता ईश्वर एक ही है। ईश्वर ही सच्चा दोस्त है, जो जीवन के हर पल में हमारी परछाई बनकर साथ रहता है। उस पर अपनी आंखें बंद कर, विश्वास व भरोसा करते हैं। जब सुखी या दुखी होते हैं, ईश्वर से प्रार्थना करते हैं और प्रार्थना के रूप में उससे बातें करते हैं। जीवन की हर बात उससे साझा करते हैं और फिर खुद को हल्का महसूस करते हैं। किसी भी कार्य की शुरुआत हम ईश्वर से आशीर्वाद लेकर ही करते हुए कहते हैं-हे मेरे मालिक, मुझ पर अपनी छत्र-छाया बनाए रख, मेरा मार्गदर्शन कर और मुझे सफलता प्रदान कर। कोई मित्र अवसरवादी होता है, वह विपत्ति में साथ नहीं देगा। कोई मित्र शत्रु बन जाता है और अलगाव का दोष भी हमें ही देता है। कोई मित्र हमारे यहां खाता-पीता है, किंतु विपत्ति के वक्ति दिखाई नहीं देता। समृद्धि के दिनों में वह हमारा अंतरंग बन कर रौब जमाता है, किंतु दुर्दिन आते ही शत्रु बनकर मुंह फेर लेता है।

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे गुरु अस्त पश्चिमी तिथि अष्टमी, मंगलवासरे, पू.फा. नक्षत्रे, हलयोगे, विव करणे, सिंह की चंद्रमा, भद्रा 16/08, व्यापार उग्र कर्म, गृहारंभ, वाहन क्रय विक्रय तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ होगी7

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, जिद्दी-हठी, इंजीनियर, डॉक्टर, प्रोफेसर, प्रिन्सपल, शिक्षक-शिक्षाविद्, शिक्षाशास्त्री, नीतनिपुण, कम्प्यूटर इंजीनियर, इलेक्ट्रानिक इंजीनियर, विद्युत इंजीनियर तथा बड़ा अधिकारी होगा।

मेष राशि :- तनाव, रोग, उदर विकार, लाभ, राजभय, पारिवारिक समस्या उलझी रहेंगी।

वृष राशि :- शत्रुभय, सुख, मंगल कार्य, विरोध, मामले-मुकदमे में जीत की सम्भावना रहेगी।

मिथुन राशि :- कुसंगत से हानि, विरोध, व्यय, यात्रा व सामाजिक कार्यों में सावधानी रखें।

कर्क राशि :- पराक्रम, कार्यसिद्ध, व्यापार लाभ, सामान्य लाभ हो सकता है, कार्य बनेंगे।

सिंह राशि :- तनाव, प्रवास से बचें, विरोध, चिन्ता, राजकार्य में प्रतिष्ठा मिल सकती है।

कन्या राशि :- भूमि लाभ, स्त्री सुख, हर्ष, प्रगति, स्थिति में सुधार, लाभ की गति बढ़ेगी।

तुला राशि :- प्रगति, वाहन भय, भूमि लाभ, कलह, कुछ अच्छे कार्य भी होंगे, लाभ होगा।

वृश्चिक राशि :- कार्य सिद्ध, विरोध, लाभ, कष्ट, हर्ष, व्यय होगा, व्यापार में सुधार, कार्य होगा।

धनु राशि :- यात्रा में हानि, मातृ-पितृ कष्ट, व्यय, उन्नति में कुछ कमी, व्यवस्था की अनुभूति।

मकर राशि :- शुभ कार्य, वाहनादि रोगभय, धार्मिक कार्य, कुछ अच्छे कार्य हो सकते हैं, ध्यान रखें।

कुंभ राशि :- अभिष्ट सिद्धी, राजभय, कार्य बाधा, सामाजिक कार्यों से लाभ होगा।

मीन राशि :- अल्प हानि, रोगभय, सम्पत्ति लाभ, राजकार्य में विलम्ब, परेशानी होगी।

बदलते दौर में अनिवार्यता बनती साइकिल

(विश्व साइकिल दिवस (3 जून) पर विशेष)

एक समय ऐसा था, जब लोग मीलों दूर का सफर भी पैदल अथवा बैलगाड़ियों के माध्यम से कई-कई दिनों में पूरा किया करते थे। साइकिल के आविष्कार ने लोगों की दुनिया ही बदल डाली, जिसने लोगों के लिए मीलों दूर का सफर भी आसान बना दिया था। कुछ दशक पूर्व तो बहुत से छात्र स्कूल तक पहुंचने के लिए भी मीलों दूर का सफर साइकिल से ही तय किया करते थे। हालांकि वह ऐसा दौर था, जब साइकिल को आमतौर पर निर्धनता का प्रतीक समझा जाता था और साइकिल को गरीब तथा मध्यम वर्ग के यातायात का ही अहम हिस्सा माना जाता था। तब खासकर मजदूर वर्ग के लोग, दूध वाले, स्कूल जाने वाले छात्र इत्यादि ही साइकिल पर दिखते थे। साइकिल की कीमत तब ज्यादा नहीं होती थी और प्रायः एक ही जैसी साइकिलें बाजार में मिलती थी लेकिन समय के साथ बदलती तकनीक के दौर में साइकिलें भी हाईटैक होती गई और आज बाजार में कुछ हजार से लेकर लाखों रुपये तक की साइकिलें उपलब्ध हैं।

समय के साथ साइकिल की उपयोगिता और महत्व भी बदलता गया है और आज के आधुनिक दौर में साइकिलें अधिकांशतः व्यायाम अथवा शारीरिक फिटनेस के तौर पर प्रयोग की जाती हैं। आज के ज़माने में लोग घंटों साइकिल चालकर इससे सेहत और वातावरण को पहुंचने वाले फायदों के बारे में जागरुकता फैलाते हैं। हालांकि यूरोप, डेनमार्क, नीदरलैंड इत्यादि दुनिया के कई हिस्से आज भी ऐसे हैं, जहां साइकिल के जरिये ही एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाया जाता है। साइकिल का दौर 1960 से लेकर 1990 के बीच काफी अच्छा चला लेकिन उसके बाद समय बदलता गया और साइकिल का चलन भी कम होता गया। बीते कुछ वर्षों में पर्यावण की महत्ता और साइकिल चलाने से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी लाभ को देखते हुए लोग साइकिल की ओर आकर्षित हुए हैं और यही कारण है कि अब केवल भारत ही नहीं बल्कि जापान, इंग्लैंड सहित कई विकसित देशों में भी साइकिलों का उपयोग बढ़ रहा है। भारत का साइकिल उद्योग आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है और भारत साइकिल का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है।

साइकिल पर्यावरण के लिए यातायात का सबसे उत्तम साधन है क्योंकि इसके उपयोग से डीजल-पैट्रोल का दोहन कम होने के साथ ही प्रदूषण स्तर भी कम होता है, साथ ही शरीर को स्वस्थ रखने में भी साइकिल महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साइकिल चलाने से न केवल पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा मिलता है बल्कि यह व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक विकास में भी सहायक होता है। यही कारण है कि साइकिल की विविधता, मौलिकता और परिवहन के एक व्यापक और सहज साधन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 3 जून को च्विश्व साइकिल दिवसज् मनाया जाता है। अप्रैल 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने हर साल 3 जून को यह दिवस मनाने की घोषणा साइकिल सवारी से मिलने वाले स्वास्थ्य, पर्यावरण और आवागमन के लिए सबसे सस्ता साधन इत्यादि को देखते हुए की थी। दरअसल साइकिल का महत्व धीरे-धीरे घटता जा रहा था, तकनीक के विकास के साथ ही पैट्रोल-डीजल इत्यादि से चलने वाली गाड़ियों का उपयोग बढ़ने लगा और लोगों ने समय की बचत तथा सुविधा के लिए साइकिल चलाना बेहद कम कर दिया। इसीलिए साइकिल के उपयोग और जरूरत के बारे में बच्चों और अन्य लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व साइकिल दिवस मनाने की जरूरत महसूस की गई। संयुक्त राष्ट्र संघ ने पर्यावरण सुरक्षा को भी साइकिल चलन को बढ़ावा देने का अहम उद्देश्य माना है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार साइकिल दिवस मानव प्रगति, उन्नति, स्थिरता, सामाजिक समावेश और शांति की संस्कृति के प्रतीक के रूप मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत को लेकर अमेरिका के मोंटगोमरी कॉलेज के प्रोफेसर लेसजेक सिबिल्स्की ने एक अभियान चलाया था, जिसका समर्थन तुर्कमेनिस्तान और 56 अन्य देशों ने किया था। सिबिल्सकी ने ही साइकिल दिवस मनाए जाने का प्रस्ताव दिया था, जिसके बाद सिबिल्सकी और उनके साथियों द्वारा उसका प्रचार-प्रसार किया गया।

साइकिल यातायात का ऐसा साधन है, जो वायु प्रदूषण को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि इसे चलाने के लिए पैट्रोल, डीजल या सीएनजी जैसे किसी ईंधन की जरूरत नहीं पड़ती। साइकिल चलाने से अच्छा व्यायाम हो जाता है, जिससे वजन कम करने से लेकर मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। साइकिल चलाना एक प्रकार की एरोबिक एक्सरसाइज है, जिससे शरीर को चुस्त-दुरूस्त रखने, पतला होने और मांसपेशियों को टोन करने में मदद मिलती है। विशेषज्ञों के अनुसार नियमित साइकिल चलाने वाले व्यक्ति को कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह जैसी भयानक बीमारियों का जोखिम कम होता है और यदि कोई व्यक्ति प्रकृति के करीब साइकिल चलाता है तो यह उसे तरोताजा रखने के साथ-साथ उच्च रक्तचाप जैसी समस्या को भी दूर रखने में मददगार है। साइकिल चलाने से मूड अच्छा होने में भी मदद मिलती है। कई अध्ययनों में यह तथ्य सामने आया है कि प्रतिदिन आधा घंटा साइकिल चलाने से ही हम मोटापा, हृदय रोग, मानसिक बीमारी, मधुमेह, गठिया इत्यादि कई बीमारियों से बच सकते हैं। चिकित्सकों के मुताबिक उम्र बढ़ने के साथ घुटनों की समस्या नहीं हो, इसके लिए प्रतिदिन साइकलिंग करनी चाहिए, जिससे जोड़ों में किसी प्रकार का दर्द नहीं होगा।

साइकिल चलाने से न केवल रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है बल्कि मस्तिष्क अधिक सक्रिय रहता है, ब्रेन पावर बढ़ती है। विशेषज्ञों का मानना है कि साइकिल चलाने से 15 से 20 प्रतिशत अधिक दिमाग सक्रिय होता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक साइकलिंग करने से इम्यून सिस्टम तो अच्छा होता ही है, साथ ही इम्यून सेल्स भी एक्टिव हो जाते हैं, जिससे विभिन्न बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। साइकलिंग परिवहन का सबसे सस्ता साधन है, जिससे रत्तीभर भी पर्यावरण प्रदूषण नहीं होता। आधा घंटा साइकलिंग करने से बॉडी फिट रहती है, शरीर पर चर्बी नहीं आती, पाचन क्रिया ठीक रहती है, हृदय और फेफड़े मजबूत बनते हैं और कई जानलेवा बीमारियां दूर रहती हैं। चूंकि साइकिल स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन का साधन है, इसीलिए दुनियाभर में साइकिल के चलन को बढ़ावा देने का सीधा सा अर्थ है वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन कम करना क्योंकि साइकलिंग में स्वाभाविक शून्य उत्सर्जन मान होता है,

फिल्म वर्ग पहेली- 6862

बायें से दायें:-

१. 'तू मिले दिल खिले और' गीत वाली नागार्जुन, रमैया, मनीषा की फिल्म-४
३. राजकपूर, माला की 'आँसू भरी हैं ये जीवन की राहें' गीत वाली फिल्म-५
६. 'केसरिया बालम' गीत वाली श्रेयस तलपदे, आयशा टाकिया की फिल्म-२
७. शाहरूख, माधुरी की 'अठरा बरस की कँवारी कली थी' गीत वाली फिल्म-३
९. 'वो चाँद जैसी' गीत वाली शाहरूख खान, माधुरी, ऐश्वर्या की फिल्म-४
११. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
१२. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की फिल्म-३
१४. संजय दत्त, फरहा की 'मेरा प्यार तेरे जीवन के संग' गीत वाली फिल्म-३
१५. विनोद मेहरा, बिंदिया की फिल्म-३
१७. हिमालय, भाग्यश्री की 'तेरा ही प्यार मेरे इस दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'कभी कभी' में ऋषि की नायिका कौन थी-३
२०. अनिल, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की 'इश्क बिना क्या' गीतवाली फिल्म-२
२२. दिलीप कुमार, रेखा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-२
२४. अमिताभ, रेखा की 'कोई गाता मैं सो जात' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'बागां मां जब मोर बोले' गीत वाली अक्षयकुमार, करीना की फिल्म-३
२७. विनोद खन्ना, हेमा की अरूणा राजे द्वारा निर्मित एवं निर्देशित फिल्म-३
२८. 'क्यूं मेरा दिल तुझको' गीत वाली करण नाथ, मनीषा की फिल्म-२
२९. नसीर, ओमपुरी, स्मिता की 'शमशीर बजे ना' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'बंधन' में सलमान का नाम?-२
३१. फिल्म 'काफी हाउस' में शम्मी कपूर की नायिका?-२,२

ऊपर से नीचे:-

१. 'दिल ना दिया' गीत वाली फिल्म-२
२. विनोद खन्ना, बिंदू की फिल्म-३
३. 'दो दिल मिल रहे' गीत वाली फिल्म-४
४. विनोद मेहरा, रीना राय की फिल्म-४
५. 'आप से प्यार हुआ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं' गीत वाली अब्बास, शर्बाणी मुखर्जी की फिल्म-२
८. देव आनंद, आशा पारेख की 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'बड़ी दूर से आये हैं प्यार' गीत वाली अनिल घवन, योगिता की फिल्म-४
११. देव आनंद, मधुबाला की 'उन के खयाल आए तो' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'जब लिया हाथ में हाथ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, गीताबाली की फिल्म-३
१५. जयराज, निरूपा की 'ना किसी की आँख का नूर हूँ' गीत वाली फिल्म-२,२
१६. फिल्म 'शिवा' में नागार्जुन के साथ नायिका कौन थी-३
१९. 'लेके पहला पहला प्यार गीत वाली फिल्म-१,२,१
२१. मिथुन, आदित्य, डिम्पल, मंदाकिनी की फिल्म-३
२३. अनिल घवन, रश्मि वर्मा, सोनिका गिल की एक सस्पेंस फिल्म-२
२५. 'पियू बोले जिया' गीत वाली फिल्म-४
२६. बिस्वजीत, माला की 'अजी हो ताश के बावन पत्ते' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'चालबाज' में श्रीदेवी के एक किरदार का नाम अंजू था दूसरे किरदार का नाम?-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6861

सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करके ग्रेडिंग सुधारें - कलेक्टर

रीवा (कीर्तिप्रभा) कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों निराकरण करें। प्रकरणों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण करके विभाग की ग्रेडिंग सुधारें। ग्रेडिंग में सी और डी श्रेणी में रहने वाले विभागों के अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में भी अभी 1694 आवेदन लंबित हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक संचालक हथकरघा, अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल तथा जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग लंबित प्रकरणों का तीन दिवस में निराकरण करें। जिला शिक्षा अधिकारी तीन दिवस में लंबित प्रकरणों का निराकरण करके विभाग को ए ग्रेड में ले जाएं।

कलेक्टर ने कहा कि 4 जून को गंगेव में स्वसहायता समूह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शामिल होंगे। मुख्यमंत्री जी के दौरे के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दे दी गई है। सभी अधिकारी दौरे की तैयारियाँ समय पर पूरी कर लें। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग हेलीपैड निर्माण तथा सभास्थल में बेरिकेडिंग का कार्य आज ही पूरा करा दें। कलेक्टर ने अधिकारियों को सम्मेलन में आने वालों की बैठक व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, मंच व्यवस्था, साउंड सिस्टम, बिजली की आपूर्ति तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना के अपात्र और मृत हितग्राहियों की सूची ग्राम पंचायतवार उपलब्ध करा दी गई है। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दो दिवस में सभी अपात्र व्यक्तियों के नाम पोर्टल से पृथक कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। हितग्राहियों के समग्र ई केवाईसी की प्रगति भी संतोषजनक नहीं है। रोजगार सहायकों के माध्यम से सात दिवस में शत-प्रतिशत ई केवाईसी सुनिश्चित करें। जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस तथा श्रम पदाधिकारी सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों की बैठक लेकर उन्हें विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और ई केवाईसी के संबंध में प्रशिक्षण दें। कलेक्टर ने जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग को छात्रावासों की साफ-सफाई और सुधार के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि छात्रावास की प्रत्येक सीट पर विद्यार्थी का प्रवेश सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आयुष्मान कार्ड का कवरेज बढ़ाएं। सभी एसडीएम वनाधिकार अधिनियम के तहत ग्राम स्तर और खण्ड स्तर की समितियों की बैठक कराकर शेष प्रकरणों का निराकरण करके प्रतिवेदन 10 जून तक जिला स्तरीय समिति को प्रस्तुत करें। बैठक में कलेक्टर ने स्वामित्व योजना तथा नलजल योजनाओं से स्कूल एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में पानी की आपूर्ति के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में स्वीकृत जल संरक्षण के सभी कार्य 10 जून तक अनिवार्य रूप से पूरे कराएं। जल संरक्षण की सभी गतिविधियों की अच्छी फोटोग्राफ के साथ जनसम्पर्क कार्यालय के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराएं। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आदर्श ग्राम योजना में आवंटित राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र दो दिवस में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। बैठक में आपदा प्रबंधन के लिए की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की गई। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिले में 1043806 हितग्राहियों का ई केवाईसी हुआ अपडेट

रीवा (कीर्तिप्रभा) खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित सभी हितग्राहियों के ई केवाईसी अपडेशन का कार्य लगातार किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि जिले में खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित परिवारों के 12 लाख 48 हजार 209 सदस्य राशन मित्र पोर्टल पर दर्ज हैं। इन सभी सदस्यों का ई केवाईसी दर्ज कराने तथा मृतक एवं स्थाई रूप से पलायन कर गए व्यक्तियों के नाम पृथक करने की कार्यवाही 31 मई तक की गई। केवाईसी कराने के लिए उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन पीओएस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों का ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी भी ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। एप के माध्यम से हितग्राही को स्वयं ई केवाईसी दर्ज कराने की भी सुविधा दी गई है। इसके अलावा कॉमन सर्विस सेंटर तथा मोबाइल ऐप में भी ई केवाईसी अपडेशन की सुविधा उपलब्ध है। जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि एक जून तक जिले में 10 लाख 43 हजार 806 हितग्राहियों की ई केवाईसी की जा चुकी है। यह कुल हितग्राहियों का 84 प्रतिशत है। जिसमें जनपद पंचायत गंगेव में 135182, जवा में 128820, रायपुर कर्चुलियान में 167143, रीवा में 168732, सिरमौर में 180174, त्योंथर में 123142 हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेट की जा चुकी है। नगरीय निकायों में नगर निगम रीवा में 67330, नगर परिषद डभौरा में 13638, बैकुण्ठपुर में 6071, चाकघाट में 5871, गोविंदगढ़ में 7173, गुढ़ में 9052, मनगवां में 7392, सेमरिया में 8696, नगर परिषद सिरमौर में 5875 तथा नगर परिषद त्योंथर में 9515 हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेट की जा चुकी है।

कृषि उत्पादन आयुक्त 18 जून को करेंगे कृषि विकास की समीक्षा

रीवा (कीर्तिप्रभा) कृषि उत्पादन आयुक्त कलेक्ट्रेट सभागार रीवा में 18 जून को आयोजित बैठक में कृषि विकास की समीक्षा करेंगे। बैठक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगी। बैठक में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, सहकारिता विभाग एवं उनसे जुड़ी विभिन्न संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन, डेयरी विकास विभाग, मछली पालन विभाग तथा अन्य संबद्ध संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में रबी फसल 2024-25 की उपलब्धियों तथा खरीफ फसल 2025 की तैयारियों की भी समीक्षा की जाएगी। कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

ज्ञानोदय स्कूल में प्रवेश का अवसर

रीवा (कीर्तिप्रभा). आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय रीवा में कक्षा 11वीं में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए गणित संकाय, जीव विज्ञान संकाय तथा वाणिज्य संकाय में प्रवेश दिया जा रहा है। इनमें अनुसूचित जाति बालक और अनुसूचित जाति बालिकाओं के लिए प्रवेश का अवसर है। वर्ष 2024-25 में कक्षा दसवीं की परीक्षा न्यूनतम 60 प्रतिशत अधिक अंकों से उत्तीर्ण करने वाले अनुसूचित जाति के विद्यार्थी प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

खाद्य सुरक्षा योजना के पात्र परिवारों को तीन माह का खाद्यान्न मिलेगा

रीवा (कीर्तिप्रभा) खाद्य सुरक्षा योजना से अन्त्योदय श्रेणी और प्राथमिकता श्रेणी के परिवारों को हर माह उनकी पात्रता के अनुसार खाद्यान्न, शक्कर और नमक का उचित मूल्य दुकान से वितरण किया जाता है। पात्र परिवारों को जून माह में तीन महीने का खाद्यान्न एक साथ दिया जा रहा है। इसमें जून, जुलाई और अगस्त माह का खाद्यान्न शामिल रहेगा। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि इस माह अन्त्योदय परिवारों को 105 किलो खाद्यान्न, तीन किलो नमक तथा तीन किलो शक्कर प्रदान की जाएगी। प्राथमिकता की श्रेणियों में शामिल खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों को प्रति सदस्य के मान से 15 किलो खाद्यान्न दिया जाएगा। इसमें चावल और गेंहू दोनों शामिल हैं। प्रत्येक परिवार को तीन किलो नमक भी दिया जाएगा। नमक के लिए एक रुपए प्रति किलो की दर निर्धारित है। सभी उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन शासन के निर्देशों के अनुरूप हितग्राहियों को तीन माह का खाद्यान्न प्रदान करें। जिला आपूर्ति अधिकारी ने पात्र परिवारों से ई केवाईसी कराकर तीन माह का खाद्यान्न उचित मूल्य दुकान से प्राप्त करने की अपील की है। इसके लिए पीओएस मशीन पर तीन बार अंगूठा लगाना होगा। सभी राशन कार्डधारी राशन प्राप्त करने के बाद पीओएस मशीन से जारी पावती अवश्य प्राप्त करें। मोबाइल में एसएमएस के माध्यम से प्रेषित सूचना से हितग्राही प्राप्त खाद्यान्न सामग्री का मिलान भी अवश्य करें।

कार्य पर उपस्थित न होने पर होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही

रीवा (कीर्तिप्रभा). प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मुनेन्द्रनाथ त्रिपाठी पुत्र स्व. सुरेश कुमार त्रिपाठी को कार्य पर उपस्थित न होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने की सूचना जारी की है। रजिस्ट्रार सिविल कोर्ट रीवा से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुनेन्द्रनाथ त्रिपाठी पुत्र स्व. श्री सुरेश कुमार त्रिपाठी आयु लगभग 55 वर्ष नेहरू नगर रीवा निवासी जिला न्यायालय रीवा में सहायक ग्रेड-3 के पद पर नियोजित होकर व्यवहार न्यायालय सिरमौर में तलवाना लिपिक के पद पर पदस्थ हैं। श्री त्रिपाठी 5 फरवरी 2025 से बिना किसी अवकाश आवेदन के निरंतर कर्तव्य से अनुपस्थित हैं। रजिस्ट्रार सिविल कोर्ट ने मुनेन्द्रनाथ त्रिपाठी को सात दिवस में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं। कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित रहने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

ईकेवायसी में लापरवाही पर सेल्समैन निलंबित

रीवा (कीर्तिप्रभा) शासकीय उचित मूल्य दुकान अमाव के सेल्समैन जवाहरलाल नापित को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिये गये हैं। खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की ईकेवायसी कराने में रूचि न लेने तथा लापरवाही बरतने पर यह कार्यवाही की गयी है। इस संबंध में आपूर्ति नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि निलंबन अवधि में श्री नापित का मुख्यालय सेवा सहकारी समिति अमाव रहेगा। खाद्यान वितरण एवं अन्य कार्यों के लिए उचित मूल्य दुकान अमाव का प्रभार सेल्समैन ओमप्रकाश मिश्रा उचित मूल्य बराखुर्द को दिया गया है।

गहरी जुताई और खरपतवार नष्ट करने के लिए उपयोगी है रोटावेटर

रीवा (कीर्तिप्रभा). ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार खेती है। खेती के आधुनिकीकरण के साथ इसका तेजी से यंत्रीकरण हो रहा है। अब खेतों की जुताई लगभग शत-प्रतिशत ट्रैक्टरों के माध्यम से होती है। ट्रैक्टर से संचालित कई कृषि उपकरण किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी

नाम सुधार सुचना

मै बीरेंद्र कुमार पाण्डेय पिता बैद्यनाथ पाण्डेय निवासी ग्राम बरिगवा तह. चुरहट जिला सीधी (एम पी)का निबासी हूँ मेरे लाइसेंस मे भूल बस मेरा नाम virendra pandey तथा पिता जी का baijnath pandey गलत अंकित हो गया है जबकि मेरे आधार कार्ड साहित समस्त रिकार्ड में मेरा नाम beerendr kumar pandey है और मेरे पिता जी नाम baidya nath pandey है जिसे मेरा और मेरे पिता जी नाम इसी नाम से जाना जाय और पढ़ा जाए

भवदीय

बीरेंद्र कुमार पाण्डेय पिता बैद्यनाथ पाण्डेय ग्राम बरिगबा तह चुरहट जिला सीधी (एम पी)

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा

रीवा। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा निगम सभागार में विभागीय टीएल बैठक ली। इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि वाटर रिचार्ज हेतु स्वीकृत कुओं के टेंडर कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएं और निर्धारित समयसीमा में पूर्ण हों। जोन क्रमांक 04 में स्थित अजब कुंवरी बावड़ी के जीर्णोद्धार संबंधी जानकारी ली गई। साथ ही व्यावसायिक भवनों, सामुदायिक भवनों एवं कॉलोनियों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे और अधिक प्रभावी बनाने के साथ प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर के विवाह घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य रूप से कराए जाने के साथ-साथ अवैध रूप से संचालित विवाह घरों पर निरंतर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। शहर स्थित चिन्हित स्थलों पर वृक्षारोपण कराने की योजना पर शीघ्र अमल करने को कहा गया। सड़क निर्माण के दौरान हो रही पेड़ों की कटाई को रोकने हेतु एमपीआरडीसी को पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए गए। जोन 4 में कालोनाइजर द्वारा खाली प्लॉट्स में जल निकासी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्यवाही करने को कहा गया।

2016 के पूर्व अस्तित्व में आयी अवैध कॉलोनियों, जहाँ पार्क हेतु आरक्षित भूमि नहीं छोड़ी गई है उस पर चर्चा करते हुए कहा कि द्वितीय सूचना के बाद जिनकी जवाबी दावे नहीं आए हैं या उत्तर समाधानकारी नहीं हैं, समिति बनाकर अंतिम निर्णय निर्धारित करते हुए राजस्व वसूली की राशि अधिरोपित कर अधिनियम अनुसार वसूली की कारवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही, शहर के कायाकल्प हेतु निर्माण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जिन संविदाकारों को कार्यादेश जारी किया जा चुका है, लेकिन वे कार्य प्रारंभ नहीं कर रहे हैं, उनके टेंडर निरस्तीकरण की प्रक्रिया आरंभ की जाए। बैठक में कार्यपालन यंत्री श्री राजेश सिंह, श्री एचके त्रिपाठी, उपायुक्त श्री प्रकाश द्विवेदी, श्री एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त श्रीमती रूपाली द्विवेदी, सुश्री शीतल भलावी, श्री रामनरेश तिवारी, श्री केएन साकेत, सहायक यंत्री श्री एसके गर्ग, श्री एसएन द्विवेदी, श्री पीएन शुक्ला, श्री अम्बरीश सिंह, श्री अभिनव चतुर्वेदी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविन्द्र चतुर्वेदी, श्री मुरारी कुमार, सहायक राजस्व अधिकारी श्री रावेन्द्र सिंह, श्री नीलेश चतुर्वेदी एवं उपयंत्री व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

संभागीय दल कर रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण

रीवा (कीर्तिप्रभा) संभाग के सभी जिलों में 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। कमिश्नर बीएस जामोद ने अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों और निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए 6 संभाग स्तरीय अधिकारियों के दल तैनात किये हैं। इन दलों द्वारा भ्रमण करके जल गंगा संवर्धन अभियान का जायजा लिया जा रहा है। गत दिवस संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ. राजेश मिश्रा, परिवहन अधिकारी मनीष त्रिपाठी एवं आपूर्ति नियंत्रक ने सतना जिले के रामपुर बघेलान विकासखण्ड एवं मैहर जिले के अमरपाटन विकासखण्ड में जल संरक्षण कार्यों का जायजा लिया। दल ने खेत तालाब निर्माण तथा कुंए में रिचार्ज पिट निर्माण का अवलोकन किया। इस दल का नेतृत्व चीफ इंजीनियर लोक निर्माण विभाग संजय खाण्डे ने किया। अधीक्षण यंत्री पीएचई तथा अन्य अधिकारियों ने रीवा जिले के सिरमौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बरा में चेकडैम निर्माण एवं बोरीबंधान का निरीक्षण किया। इसी दल ने सीधी जिले के मझौली विकासखण्ड के ग्राम दादर में हितग्राही सुदामा साहू के द्वारा बनाये जा रहे खेत तालाब एवं कुंए में रिचार्ज पिट का भी निरीक्षण किया गया। इसी गांव में रामचन्द्र साहू द्वारा बनाये जा रहे खेत तालाब का निरीक्षण किया गया। ग्राम दादर में गतवर्ष चेकडैम का निर्माण कराया गया था। उसमें अभी भी पर्याप्त पानी उपलब्ध है। जो

जल गंगा संवर्धन अभियान में हो रहा जल संरचनाओं का निर्माण

रीवा (कीर्तिप्रभा) जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पानी को सहेजने के लिए जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि अभियान के तहत मऊगंज जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सरैहा में खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। यहां गत दिवस जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, गांव के सरपंच तथा स्वसहायता समूह की महिलाओं ने मिलकर जल संरक्षण के लिए रैली निकाली। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा ने त्योंथर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत घटेहा में चल रहे अमृत सरोवर और खेत तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाबों के निर्माण के संबंध में उपयांत्रियों को निर्देश दिये। अभियान के तहत कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने रीवा विकासखण्ड के ग्राम भटलों में नल जल योजना की पाइप लाइन लिकेज में सुधार कराकर पानी की आपूर्ति अनुसूचित जाति बस्ती में शुरू करायी।

तबादले के विरोध में हाईकोर्ट जा सकते हैं अधिकारी कर्मचारी

प्रदेश के सभी विभागों में तीस मई तक स्वैच्छिक और प्रशासनिक तबादलों का फैसला ले चुकी सरकार को आशंका है कि तबादले के विरोध में कई अधिकारी, कर्मचारी कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। ऐसे हालातों से निबटने के लिए कई विभागों ने तबादला आदेश जारी करने के पहले हाईकोर्ट में केविएट दायर कर दी है और कोर्ट से आग्रह किया है कि स्थानांतरित कर्मचारियों द्वारा कोर्ट में अपील करने के मामले में कोई फैसला देने से पहले न्यायालय सरकार के संबंधित विभाग का पक्ष भी सुने।तबादला नीति लागू हुए अब तक 28 दिन हो चुके हैं लेकिन पीडब्ल्यूडी और पीएचई विभाग के सौ से अधिक कर्मचारियों अधिकारियों के स्थानांतरण के अलावा किसी दूसरे विभाग ने तबादले की बड़ी सूची जारी नहीं की है। स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, नगरीय विकास और आवास, राजस्व, गृह, लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा, पंचायत और ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य, ऊर्जा और जल संसाधन ऐसे विभागों में शामिल हैं जहां स्थानांतरित किए जाने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों का प्रतिशत अधिक रहेगा।

बाढ़ से निपटने की सभी तैयारियाँ तत्काल शुरु कर दें - कलेक्टर

रीवा (कीर्तिप्रभा) कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि इस वर्ष मानसून के समय से एक सप्ताह पहले पहुंचने तथा अच्छी वर्षा का अनुमान मौसम विभाग द्वारा लगाया गया है। बाढ़ तथा अतिवृष्टि से राहत और बचाव की तैयारियाँ तत्काल शुरू कर दें। जल संसाधन विभाग के अधिकारी त्योंथर तथा जिला स्तर में कंट्रोल रूम बनाकर बाणसागर परियोजना तथा उत्तरप्रदेश के मेजा, सिरसी एवं अदवा बांधों के कंट्रोल रूम से सतत संपर्क में रहें। एसडीएम त्योंथर तथा जवा बाढ़ से प्रभावित होने वाले 120 गांवों में राहत शिविर के लिए उचित स्थलों का चिन्हांकन कर लें। बाढ़ की स्थिति में गोताखोर दल, नाव चलाने वाले, जेसीबी तथा क्रेन चलाने वाले आपरेटर आदि की सूची बनाकर उनके फोन नम्बर कंट्रोल रूम को उपलब्ध करा दें। पंचायत स्तर पर भी बाढ़ राहत और बचाव के उचित प्रबंध कर लें। अतिवृष्टि अथवा बाढ़ की सूचना मिलने पर कंट्रोल रूम तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचना दें। कंट्रोल रूम में पंजी संधारित कर महत्वपूर्ण सूचनाएं प्रतिदिन दर्ज करें।

कलेक्टर ने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आपदा प्रबंधन के लिए जिला स्तर पर टीम गठित कर दें। सभी बीएमओ के पास पर्याप्त दवाएं उपलब्ध करा दें। उप संचालक पशुपालन पशुओं के लिए चारा-भूसा एवं उपचार की व्यवस्था कर लें। बाढ़ में मृत पशुओं के निष्पादन की भी व्यवस्था करें। आयुक्त नगर निगम तथा सभी सीएमओ शहरी क्षेत्र के नालों एवं नालियों की साफ-सफाई तत्काल कराएं। रीवा में बांसघाट, निपनिया, पुष्पराजनगर, बिछिया तथा तरहटी मोहल्लों में बाढ़ का प्रकोप होने पर राहत और बचाव की समुचित व्यवस्था करें। सभी एसडीएम अपने अनुभाग में आपदा प्रबंधन की बैठक करके आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करें। जिला कमाण्डेंट होमगार्ड्स बाढ़ से बचाव के लिए नाव, रस्सी, टार्च तथा अन्य उपकरणों की तत्काल व्यवस्था कर लें। त्योंथर क्षेत्र में आपदा प्रबंधन के लिए लोगों को प्रशिक्षण देकर जागरूक करें। एसडीएम सिरमौर बकिया बराज और टमस बराज के अधिकारियों से संपर्क में रहकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने बाढ़ की स्थिति में बिजली की वैकल्पिक आपूर्ति, वाहनों की व्यवस्था, खाद्यान्न तथा पेयजल की आपूर्ति एवं उपचार व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में 24 घंटे कर्मचारी तैनात रहें। कंट्रोल रूम को शीघ्र सक्रिय करें। अतिवृष्टि की स्थिति में नदियों और बांधों के जल स्तर से संबंधित सूचनाओं को हर घंटे आदान-प्रदान सुनिश्चित करें। उत्तरप्रदेश के जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से भी सतत संपर्क में रहें। बांधों से पानी छोड़े जाने की स्थिति में निचले इलाकों को समय पर सूचना दें। सभी एसडीएम बाढ़ से बचाव तथा राहत कार्य में स्वयंसेवी संस्थाओं और आमजनों के सहयोग के लिए भी सचेत रहें। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, सभी एसडीएम जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

महिलाओं के कार्यस्थल पर आंतरिक समिति गठित करने के निर्देश

रीवा (कीर्तिप्रभा) कार्यस्थल में महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न अन्तर्गत आंतरिक समिति गठित करने के निर्देश दिये गये हैं। समस्त कार्यालय प्रमुखों को अपने कार्यालय में तथा जिले के विभिन्न विभाग, संगठन, उपक्रम, संस्था (शासकीय/अशासकीय), प्राइवेट सेक्टर सोसायटी, दुकान, बैंक, सहकारी संस्थायें, शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थाए, उद्यम मनोरंजक संस्थाए, अस्पताल, स्टेडियम, खेलकूद संस्थान, निवास गृह आदि में जहां 10 या 10 से अधिक कर्मकार (कर्मचारी, अधिकारी) कार्यरत है आंतरिक समिति का गठन के निर्देश दिये गये हैं। समस्त कार्यस्थल का प्रत्येक नियोजक आंतरिक समिति के गठन करने एवं यदि कोई नियोजक उक्त अधिनियम की धारा के अन्तर्गत आंतरिक समिति का गठन करने में असफल रहता है तथा अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करता है या उनके उल्लंघन को दुष्प्रेरित करता है तो वह पचास हजार रूपये तक के जुर्माने से दण्डनीय होगा।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक संतोष कुमार मिश्र द्वारा अदिति प्रिंटर्स, वि. वि. मार्ग खुटेही रीवा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक-* संतोष कुमार मिश्र , * स्थानीय संपादक-योगराज तिवारी, आर.एन.आई. नं. 69841/98
प्रधान कार्यालय रीवा- फोन एवं फैक्स नं. 07662-292777,9425330073,9229876961 Email- samacharrewa@gmail.com * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।

लीवर कैंसर से लड़ रही हैं दीपिका कक्कड़

टीवी अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ ने हाल ही में अपने स्वास्थ्य से जुड़ी एक बड़ी और दुखद खबर सोशल मीडिया पर साझा की है। हाल ही में उन्होंने बताया कि उन्हें स्टेज 2 लीवर कैंसर का पता चला है। दीपिका ने कहा कि उनके लीवर में जो टेनिस बॉल के आकार का ट्यूमर पाया गया था, वह कैंसर था और अब यह दूसरे चरण में है। इस खबर को सुनकर उनके फैंस और साथी कलाकार बहुत चिंतित हैं। दीपिका ने एक लंबा पोस्ट लिखकर इस चुनौतीपूर्ण समय की जानकारी दी और सभी से उनके लिए प्रार्थना करने की गुजारिश की। उन्होंने कहा कि यह समय उनके लिए बेहद मुश्किल है, लेकिन वह हिम्मत बनाए रखे हुए हैं। दीपिका ने यह भी बताया कि वे सकारात्मक रहने की पूरी कोशिश कर रही हैं और इलाज के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनके पोस्ट पर फैंस और सेलेब्रिटीज ने सहानुभूति और समर्थन जताते हुए उनके जल्द ठीक होने की कामना की है। इस कठिन लड़ाई में दीपिका को पूरे देश से दुआएं मिल रही हैं।

करण और जेनिफर फिर साथ नजर आ सकते हैं

टीवी के चर्चित कपल जेनिफर विंगेट और करण सिंह ग्रोवर एक बार फिर साथ देखने को मिल सकते हैं। दोनों ने सालों पहले सीरियल च्दिल मिल गएज् में साथ काम करते हुए प्यार किया और शादी की थी, लेकिन कुछ समय बाद उनका रिश्ता टूट गया। इसके बावजूद उनके फैंस आज भी उन्हें साथ देखने के लिए उत्सुक रहते हैं। अब हाल ही में ऐसी खबरें सामने आई हैं कि तलाक के 13 साल बाद यह एक्स कपल करण जौहर के अपकमिंग रिएलिटी शो द ट्रेटर्स में साथ नजर आ सकता है। इस शो में कई सेलेब्रिटीज़ अपनी अलग पहचान के साथ हिस्सा लेते हैं और फैंस के लिए खास मनोरंजन लेकर आते हैं। करण और जेनिफर की इस तरह की स्क्रीन पर वापसी फैंस के लिए एक सुखद सरप्राइज होगी। फिलहाल दोनों की ओर से इस खबर पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं आई है, लेकिन यह अफवाह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और फैंस इस जोड़ी की झलक पाने के लिए काफी उत्साहित हैं।

दिलजीत ने लिया सबसे महंगी कॉफी का आनंद

दिलजीत दोसांझ ने हाल ही में लंदन में शहर की सबसे महंगी कॉफी का लुत्फ उठाया, जिसकी तस्वीरें और वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर किए। पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत ने अपने अभिनय और गायकी के दम पर न सिर्फ देश में, बल्कि विदेशों में भी खूब नाम कमाया है। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे हाल ही में प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में पंजाब का प्रतिनिधित्व करते हुए पहुंचे थे, जहां उनका स्टाइल और व्यक्तित्व लोगों का ध्यान आकर्षित करता रहा। कान्स के बाद दिलजीत ने लंदन में अपने आराम के पल बिताए और वहां की महंगी कॉफी का स्वाद चखा। इस दौरान ली गई उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिनमें उनका ग्लैमरस अंदाज साफ दिख रहा है। फैंस उनकी इस जीवनशैली को पसंद कर रहे हैं और दिलजीत की तारीफ कर रहे हैं। उनकी ये तस्वीरें उनके करियर की सफलता और निजी जिंदगी की खुशियों की झलक पेश करती हैं, जो उनके समर्थकों के बीच खूब चर्चा में हैं।

कास्टिंग काउच का डरावना अनुभव बताया अमृता ने

बॉलीवुड में कास्टिंग काउच और उत्पीड़न के कई मामलों ने सुर्खियां बटोरी हैं, जिनमें कई नाम सामने आ चुके हैं। इसी सिलसिले में अब एक्ट्रेस अमृता सुभाष ने अपने साथ हुए एक भयावह अनुभव का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि एक प्रोड्यूसर ने उनके साथ ऐसा व्यवहार किया, जिसने उन्हें गहराई से परेशान और डराए रखा। अमृता ने इस घटना को याद करते हुए अपने संघर्षों को साझा किया, जिससे यह मुद्दा फिर से चर्चा में आया है। कई एक्ट्रेसेस पहले भी अपने दर्दनाक अनुभवों को सामने ला चुकी हैं, जिससे फिल्म इंडस्ट्री में व्याप्त इस समस्या पर ध्यान केंद्रित हुआ है। अमृता का यह बयान बॉलीवुड में महिलाओं के खिलाफ होने वाले उत्पीड़न की गंभीरता को उजागर करता है और उम्मीद जताई जा रही है कि इस तरह की घटनाओं के खिलाफ कड़े कदम उठाए जाएंगे।

मणिपुर में बनेगी भाजपा की सरकार?

भाजपा भारत की सबसे बड़ी ताकतवर पार्टी है। मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री से वह इस्तीफा नहीं ले पाई थी।जिसके कारण कई महीनो के बाद मणिपुर की सरकार को बर्खास्त कर,वहां पर राष्ट्रपति शासन लागू हुआ था। केंद्र में भाजपा की सरकार थी, राज्य में भी भाजपा की सरकार थी। अब एक बार फिर मणिपुर में भाजपा ने सरकार बनाने की कवायत शुरू कर दी है। 10 विधायकों ने राज्यपाल को पत्र लिखा है।इसमें आठ भाजपा के हैं, एक एनसीपी का और एक निर्दलीय विधायक है। सरकार बनाने के लिए 31 विधायकों की जरूरत होगी। एक बार फिर ऑपरेशन लोटस मणिपुर में शुरू हो गया है।मणिपुर ने डबल इंजन के सरकार की वस्तु स्थिति बयां कर दी है।आगे देखें, क्या होता है। मणिपुर मे अभी भी मेतई और कुकी के बीच तनाव बना हुआ है। सत्ता पक्ष द्वारा वहां हिंदू और ईसाई का जो खेल किया गया है। उसके बाद मणिपुर की सरकार कैसे होगी। इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

आदिवासी अपने आपको हिंदू नहीं मानते?

केंद्र सरकार ने अभी तक जाति जनगणना की अधिसूचना जारी नहीं की है। उसके पहले ही राजनीतिक दलों में जातियों को शामिल करने को लेकर बवाल शुरू हो गया है। झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा,कांग्रेस और राजद ने झारखंड के राजभवन में जाकर प्रदर्शन किया है।राज्यपाल संतोष गंगवार को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें सरना धर्म को धर्मकोड में शामिल करने की मांग की है। झारखंड में आदिवासी समुदाय के लोग सरना धर्म को मानते हैं। अलग-अलग राज्यों के आदिवासी की धार्मिक प्रथाएं अलग-अलग हैं।2011 की जनगणना में झारखंड के लगभग 80 लाख लोगों ने अपना धर्म सरना बताया था। आदिवासी समाज हिंदू धर्म से अलग अपने आपको मानता है। जाति जनगणना की अभी अधिसूचना भी शुरू नहीं हुई है। धर्म और पिछड़े वर्ग की जातियों को लेकर अभी से राजनीति के तीर तलवार और फरसे निकलने लगे हैं। आदिवासियों को जबरिया हिंदू धर्म में परिवर्तित करने की कोशिश भाजपा और संघ द्वारा की जा रही है। इसको लेकर आदिवासी समाज में अब एक नई चेतना देखने को मिल रही है। आदिवासी समाज अपने आपको हिंदुओं से अलग बता रहा है।

दैनिक पंचांग

3 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	वृष में	मिथुन	06.05 बजे से
चंद्र	सिंह में	कर्क	08.19 बजे से
मंगल	कर्क में	सिंह	10.35 बजे से
बुध	वृष में	कन्या	12.47 बजे से
गुरु	मिथुन में	तुला	14.58 बजे से
शुक्र	मेष में	वृश्चिक	17.12 ब.से
शनि	मीन में	धनु	19.28 बजे से
राहु	कुंभ में	मकर	21.33 बजे से
केतु	सिंह में	कुंभ	23.20 बजे से
राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक		मीन	00.53 बजे से
		मेष	02.23 बजे से
		वृष	04.03 बजे से

मंगलवार 2025 वर्ष का 154 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अष्टमी 21.57 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 00.59 बजे रात्र को समाप्त। **योग** हर्षण 08.08 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 09.11 बजे तदनन्तर बव 21.57 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 06.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 19' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872364 **जूलियन दिन** 2460829.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 06 **विशेष** मासिक दुर्गाष्टमी, धूमावती जयंती।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
रोग	05.53 से	07.22 बजे तक	काल	05.42 से	07.13 बजे तक
उद्वेग	07.22 से	08.15 बजे तक	लाभ	07.13 से	08.45 बजे तक
चर	08.15 से	10.19 बजे तक	उद्वेग	08.45 से	10.16 बजे तक
लाभ	10.19 से	11.48 बजे तक	शुभ	10.16 से	11.48 बजे तक
अमृत	11.48 से	01.16 बजे तक	अमृत	11.48 से	01.19 बजे तक
काल	01.16 से	02.45 बजे तक	चर	01.19 से	02.51 बजे तक
शुभ	02.45 से	04.13 बजे तक	रोग	02.51 से	04.22 बजे तक
रोग	04.13 से	05.42 बजे तक	काल	04.22 से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

मासिक धर्म को लेकर खुलकर बात की करीना कपूर ने

मेंस्ट्रुअल हाइजीन डे के मौके पर अभिनेत्री करीना कपूर ने मासिक धर्म को लेकर खुलकर बात की। करीना ने इसे समस्या नहीं बल्कि जागरूकता की कमी बताया। उन्होंने गुजरात के स्कूलों की उस पहल की तारीफ की जहां मासिक धर्म कॉर्नर बनाए गए हैं। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में करीना ने बताया कि इन कॉर्नर्स में छात्र कार्ड गेम्स, रोल-प्ले, इंटरैक्टिव मॉडल और किताबों के जरिए मासिक धर्म के बारे में जान सकते हैं, जो एक सुरक्षित और स्वागत योग्य कदम है। करीना ने लिखा कि यूनीसेफ इंडिया और सरकार के सहयोग से स्कूलों में यह पहल पुरानी धारणाओं को तोड़ने और मासिक धर्म के बारे में बातचीत को सामान्य बनाने में मदद कर रही है।

इस कार्यक्रम से 1,03,000 से अधिक लड़कियों और 88,000 लड़कों तक जागरूकता पहुंची है, जो न सिर्फ उन्हें आत्मविश्वास देता है, बल्कि उन्हें सम्मान और शिक्षा के जरिए अपने सपनों को पूरा करने में भी मदद करता है। उन्होंने अपने पोस्ट में आगे कहा, च्पीरियड्स फ्रेंडली वर्ल्ड के लिए हर छात्र के लिए खुली बातचीत और सुरक्षित माहौल जरूरी है। मासिक धर्म मायने रखता है।ज्ज् करीना से पहले अभिनेत्री संदीपा धर ने भी मासिक धर्म को लेकर खुलकर बात करने की जरूरत पर जोर दिया था। संदीपा का मानना है कि हर छोटा कदम महत्वपूर्ण होता है और हमें इस विषय पर खुलकर संवाद करना चाहिए। वहीं, अभिनेत्री निमरत कौर ने बताया कि मासिक धर्म महिलाओं के स्वास्थ्य का एक जरूरी और प्राकृतिक हिस्सा है, लेकिन यह आज भी एक खामोशी से घिरी हुई बात है। खासकर ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में लड़कियां इससे जुड़ी बातों को लेकर संकोच महसूस करती हैं। निमरत कौर ने उम्मीद जताई कि इस तरह की पहल न केवल जरूरी चीजों की कमी को दूर करेगी, बल्कि मासिक धर्म पर खुली बातचीत को भी सामान्य बनाएगी, जिससे महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा।

शब्द पहेली - 8386

	1			2	3		4	5
6			7				8	
9		10		11				
	12		13				14	
15		16				17		
18					19		20	
		21		22		23		24
25	26		27				28	
29						30		

बाएँ से दाएँ

1. आस्तिक,अनुगामी,पूजक-2
2. रख-रखाव-2,3
6. देह, बदन-2
7. कारण-3
8. तपस्या-2
9. बंदूकधारी(अंग्रेजी-3)
11. पति की बहन-3
12. प्रतिज्ञा,वचन-3
14. पिता,डैडी-2
16. मन मोहने वाला-5
18. आनंदित-2
19. लवण,खार-3
21. बख्तरबंद,आवरण-3
23. पासों से भविष्य जानना-3
25. आमिर व काजोल की फिल्म-2
27. मुलायम,कोमल-3
28. उस समय-2
29. भ्रमण,घूमना-3,
30. कोलाहल-2

ऊपर से नीचे

1. खतरनाक-4
2. सनम,बालम-3
3. रहने का तरीका-3,3
4. चावल-2
5. बिजली का कौंधना-5
6. कौवा,काग-2
10. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
13. मन को भाने वाला-5
15. सहयात्री-5
17. कटि-3
20. निम्न,न्यूनतम-4
22. उत्कर्ष-3
24. अधर,होठ-2
26. संबोधन-2

शब्द पहेली - 8385 का हल

	क	वि	ता		क	या	स	
भ	ला		क		री		ही	न
र		म	त	ल	ब			ह
म	द	द		क्ष		फि	तू	र
		भ	क्त		शी	त		
से	हा	रा		यं		र	ज	त
ह			ज	हा	ल	त		मी
त	ल		मा		की		आ	ज
	ब	हा	व		र	वा	ना	

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

नरगिस फाखरी ने कमबैक पर कहा, जैसे कभी गई ही नहीं

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड एक्ट्रेस नरगिस फाखरी अपनी आने वाली फिल्म 'हाउसफुल 5' को लेकर चर्चाओं में हैं। वह इस फिल्म के जरिए दो साल बाद स्क्रीन पर वापसी कर रही हैं। इस पर एक्ट्रेस ने कहा कि वह अपने कमबैक से काफी खुश हैं, उन्हें ऐसा लग रहा है, जैसे वह कभी पर्दे से दूर गई ही नहीं थीं। नरगिस ने रविवार को इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। ये तस्वीरें 'हाउसफुल 5' के ट्रेलर लॉन्च के दौरान किए गए फोटोशूट की हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, कमबैक... जैसे कभी गई ही नहीं थीं, अब पहले से भी ज्यादा ताकतवर और शानदार अंदाज में लौट आई हूं। एक्ट्रेस को अब से पहले 2023 में रिलीज हुई अनुपम खेर-नीना गुप्ता अभिनीत 'शिव शास्त्री बलबोआ' में देखा गया था। इस फिल्म का निर्देशन अजय वेणुगोपालन ने किया था। उनकी आने वाली फिल्म 'हाउसफुल 5' की बात करें तो, 31 मई को फिल्म से नया गाना 'द फुगड़ी डांस' रिलीज किया गया था। फिल्म से अभी तक चार गाने, जिसमें 'लाल परी', 'दिल ए नादान', 'कयामत' और नया 'द फुगड़ी डांस' शामिल हैं, रिलीज हो चुके हैं। फिल्म में 19 कलाकारों की बड़ी स्टारकास्ट है, जिनका किरदार अपनी अलग मस्ती और अंदाज लेकर आएगा। फिल्म के स्टारकास्ट में अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख, जैकलीन फर्नांडिस, सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, नाना पाटेकर, चित्रांगदा सिंह, फरदीन खान, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, डिनो मोरिया, रंजीत, सौंदर्या शर्मा, निकितिन धीर और आकाशदीप साबिर जैसे कलाकार हैं।

'मिट्टी और सोना'में निभाया चुनौतीपूर्ण किरदार : सोनम

मुंबई (वार्ता)। अभिनेत्री सोनम ने बताया कि है कि फिल्म 'मिट्टी और सोना' में उनका किरदार उनके लिए बहुत चुनौतीपूर्ण था। सोनम कपूर ने वर्ष 1989 में प्रदर्शित फिल्म मिट्टी और सोना में कॉलेज गर्ल और एक तवायफ दोनों का रोल निभाया था। सोनम ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म'मिट्टी और सोना'से अपने किरदार की कुछ तस्वीरें शेयर की और बताया कि महज 15-16 साल की उम्र में उन्होंने रेड-लाइट एरिया जाकर वहां की जिंदगी को देखा था। इससे उन्हें न सिर्फ हिम्मत और समझ मिली, बल्कि फिल्म में अपने किरदार को ईमानदारी से निभाने में मदद भी मिली। सोनम कपूर ने लिखा,'मिट्टी और सोना'मेरे दिल के सबसे करीब फिल्म है ... हां, ये रोल करना बहुत चुनौतीपूर्ण था। मुझे कॉलेज स्टूडेंट और वेश्यावृत्ति में शामिल लड़की के तौर-तरीकों पर काम करना था। मैं इस फिल्म से कुछ साबित करना चाहती थी, लेकिन कैसे साबित होगा, उस वक्त मुझे खुद भी नहीं पता था।

शूटिंग मिस कर रहीं इलियाना

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज ने कहा कि उन्हें अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' में दोबारा वही किरदार निभाने का ऑफर मिला था। लेकिन उन्होंने यह ऑफर ठुकरा दिया। उन्होंने अपने पोस्ट में इसके पीछे की वजह का भी खुलासा किया। रविवार की सुबह इलियाना डिक्रूज ने अपने फैंस के साथ एक सवाल-जवाब सेशन किया। इसमें एक फैन ने उनके कमबैक को लेकर सवाल पूछा और कहा कि उन्हें 'रेड 2' और बाकी फिल्मों में उनकी कमी खल रही है। इसका जवाब देते हुए इलियाना ने कहा, मुझे भी फिल्मों में काम करना बहुत याद आता है और मैं 'रेड 2' का हिस्सा बनना चाहती थी। 'रेड' मेरे लिए एक खास फिल्म थी और उसमें मालिनी का किरदार निभाना और डायरेक्टर राजकुमार गुप्ता और एक्टर अजय देवगन के साथ काम करना बहुत खास अनुभव रहा। एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'रेड 2' के मेकर्स ने मुझे फिल्म का ऑफर दिया था, लेकिन अफसोस की बात है कि हम शूटिंग का टाइम फिक्स नहीं कर पाए। क्योंकि उस समय मैंने अपने बच्चे को जन्म दिया था और इस वक्त मेरी जिम्मेदारियां बिल्कुल अलग हैं। बता दें कि इलियाना ने 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'रेड' में मालिनी पाठक का किरदार निभाया था। पीके/एएस

अधिक आत्मविश्वास दलदल की तरह पंकज त्रिपाठी

मुंबई (आईएएनएस)। मशहूर अभिनेता पंकज त्रिपाठी हाल ही में रिलीज हुए हिट स्ट्रीमिंग शो 'क्रिमिनल जस्टिस' के चौथे सीजन की सफलता का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने कलाकारों को अधिक आत्मविश्वास से दूर रहने की सलाह दी। पंकज त्रिपाठी ने कहा कि जब कलाकार यह सोचने लगे कि अब वह बहुत बड़ा हो गया है और कुछ नया सीखने या सुधारने की उसे कोई जरूरत नहीं, तो यह एक खतरनाक स्थिति है। ऐसा आत्मविश्वास एक दलदल की तरह है, जिससे कलाकारों को दूर रहना चाहिए। अभिनेता ने कहा कि एक कलाकार को अपनी एक्टिंग को सरल और आकर्षक बनाने का प्रयास करना चाहिए। एक्टिंग में ऐसा तरीका खोजना चाहिए,

शर्मिष्ठा पनौली की गिरफ्तारी से नाराज कंगना

नई दिल्ली,(आईएएनएस)। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विवादित बयान देने के आरोप में गिरफ्तार 22 साल की लॉ स्टूडेंट और इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर पनोली का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस पर बॉलीवुड अभिनेत्री और राजनेता कंगना रनौत ने भी गहरी नाराजगी जताई है। कंगना रनौत ने कहा, किसी को 'लॉ एंड ऑर्डर' के नाम पर

इस तरह से परेशान करना ठीक नहीं है, खासकर जब उसने अपनी गलती के लिए माफी मांग ली हो और आपत्तिजनक पोस्ट को हटा भी लिया हो।

कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)

//निविदा सूचना//

क्रमांक-654/ई-टेंडर/S.B.M./न.पा.नि./2025 रीवा, दिनांक 26.05.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम.	कार्य की समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	2025_UAD_426445_1 02.06.2025 [SECOND CALL] 654/26.05.2025	Tender for "Design, Built, Operate and Maintenance" Smart Cafe Public Toilets with Integrated Vending and Advertisement Facility in Rewa City on Public-Private Partnership (PPP) mode.	06 माह	₹5000.00 ₹30000.00	17.06.2025 18:00 बजे तक।

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
स्वच्छ भारत मिशन
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

सूर्यकुमार ऑरेंज कैप की दौड़ से बाहर, सुदर्शन का कब्जा बरकरार

अहमदाबाद। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अब सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की दौड़ से मुम्बई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव बाहर हो गये हैं। मुम्बई इंडियंस की दूसरे क्वालीफायर-2 में हार से ही इस सत्र में 700 रन बनाने के बाद भी सूर्या ऑरेंज कैप अब हासिल नहीं कर पायेंगे क्योंकि रनों के मामले में वह दूसरी नंबर पर हैं। वहीं पहले नंबर पर 15 मैचों में 54.21 की औसत से 759 रन बनाने वाले गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन हैं।

आईपीएल के इस सत्र में लगे सबसे अधिक 1271 छक्के

मुम्बई। आईपीएल के इस 18 वें सत्र में जमकर छक्के लगे हैं। इस सत्र में अब तक 1271 छक्के लगे हैं। इसी के साथ अब तक 1260 छक्कों का इतिहास आईपीएल 2014 का रिकार्ड टूट गया। वहीं साल 2023 आईपीएल में 1124 छक्के लगे थे। एक आईपीएल सत्र में हजार से अधिक छक्के लगाने का कारनामा कुल चार बार हुआ है। आईपीएल के पहले सत्र में कुल 622 छक्के लगे थे। एक सत्र में हजार सिक्स का आंकड़ा पहली बार 2022 में पहुंचा था।

मैक्सवेल ने एकदिवसीय क्रिकेट को अलविदा कहा

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने एकदिवसीय अंतरराष्टीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। अब वह अपना ध्यान टी20ई पर केंद्रित करेंगे, विश्व कप 2026 में होना है। मैक्सवेल ने अंतिम बार कदिवसीय अंतराष्टीय टूर्नामेंट की बात करें तो इस साल चैंपियंस ट्रॉफी खेला था। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वह आईपीएल 2025 में उतरे लेकिन चोट के कारण कुछ ही मैचों के बाद बाहर हो गये थे।

विराट के पब वन8 कम्यून के खिलाफ मामला दर्ज

कर्नाटक। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली के पब, वन8 कम्यून के खिलाफ कर्नाटक में मामला दर्ज किया गया है। यह पब बेंगलुरु के रत्नम कॉम्प्लेक्स की छठी मंजिल पर बना हुआ है। पुलिस ने विराट के वन 8 कम्यून पब और रेस्टोरेंट के खिलाफ सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के उल्लंघन के लिए बेंगलुरु में मामला दर्ज किया है।

पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस दोनो ही टीमों पर लगा जुर्माना

अहमदाबाद। इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे क्वालीफायर में दोनो ही टीमों पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के खिलाफ जुर्माना लगा है। इस मैच में विजेता पंजाब किंग्स की टीम फाइनल में पहुंची है। वहीं मुंबई इंडियंस की टीम हार है ऐसे में उसका दुख दोगुना हो गया है।

आईपीएल खिताब जीतने आज आरसीबी और पंजाब किंग्स में होगा मुकाबला

शाम 7:30 बजे से होगा मुकाबला

अहमदाबाद । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा। दोनो ही टीमें इस मुकाबले को जीतकर खिताब अपने नाम करना चाहेंगी। दोनो ही टीमों ने अब तक ये खिताब नहीं जीता है जिससे दोनो के ही प्रशंसकों को उम्मीद है कि उनकी टीमें जीतेंगी। इससे भी टीमों पर दबाव होगा। आसीबी जहां चौथी बार फाइनल में पहुंची है, वहीं पंजाब की टीम दूसरी बार फाइनल में पहुंची है। ऐसे में दोनो ही टीमों का लक्ष्य इसे जीतकर 18 साल के खिताब के इंतजार को समाप्त करना होगा। सभी की नजरें इस मैच में आरसीबी के अनभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर टिकी रहेंगी जो शुरुआत से ही टीम से जुड़े होने के बाद भी एक बार टीम को जीत नहीं दिला पाये। वह लंबे समय तक टीम के कप्तान भी रहे हैं। वहीं अब आरबीबी की कप्तानी युवा रजत पाटीदार कर रहे हैं और ऐसे में टीम की किस्मत बदल सकती है।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल मुकाबले में कोहली का समर्थन उनका उत्साह बढ़ाने के लिए 18 नंबर की जर्सी पहने नजर आ सकते हैं। आरसीबी ने इस सत्र में शुरुआत से ही अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने पहले क्वालीफायर में पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और अब टीम अपने इसी प्रदर्शन को दोहराने के लिए उतरेगी। कोहली ने इस सत्र मे 614 रन बनाये हैं। वह इस साल आसीबी की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ रहे हैं।। इस बार उन्हें अन्य खिलाड़ियों का भी अच्छा साथ मिला जिससे भी अंतर पैदा हुआ है। इस सत्र में कोहली के अलावा फिल साल्ट ने भी आरसीबी की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं मयंक अग्रवाल, कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा ने भी अच्छी बल्लेबाजी की है। टिम डेविड चोटिल होने के कारण पिछले दो मैचों में नहीं खेल पाए, अब देखना बाकी है कि वह इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। उन्होंने रोमारियो शेफर्ड के साथ मिलकर डेथ ओवरों में अहम भूमिका निभाई है। वहीं जोश हेजलवुड की वापसी से भी टीम की गेंदबाजी मजबूत हुई है। हेजलवुड ने अब तक 21 विकेट लिए हैं। वह आईपीएल के वर्तमान सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में अभी चौथे स्थान पर है।

श्रेयस की आक्रामक पारी से एक दशक बाद आईपीएल फाइनल में पहुंची पंजाब

अहमदाबाद। कप्तान श्रेयस अय्यर की आक्रामक पारी से पंजाब किंग्स ने दूसरे क्वालीफायर में मुम्बई इंडियंस को हराकर आईपीएल फाइनल में प्रवेश किया है। पंजाब की टीम एक दशक के बाद फाइनल में पहुंची है जिससे उसके प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह है। पिछली बार श्रेयस की कप्तानी में कोलकाता नाइटराइडर्स ने खिताब जीता था। इस बार उनका लक्ष्य पंजाब को खिताब जिताना रहेगा। पंजाब ने साल 2014 के बाद दूसरी बार आईपीएल फाइनल में प्रवेश किया है। दूसरे क्वालिफायर मुकाबले में पंजाब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। मैच शुरू होने से पहले बारिश के कारण मुकाबला देर से शुरु हुआ। मुंबई ने पहले खेलते हुए बेयरस्टो के 38, तिलक वर्मा के 44, सूर्यकुमार यादव के 44 और नमन धीर के 37 रनों की सहायता से 6 विकेट पर 203 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी पंजाब के सलामी बल्लेबाज जल्द ही पेवेलियन लौट गये पर इसके बाद जोश इंग्लिस ने 38, नेहल वडेहरा ने 48 जबकि श्रेयस अय्यर ने नाबाद 87 रन बनाकर पंजाब को 5 विकेट से जीत दिला दी।

मुंबई की ओर से जॉनी बेयरस्टो के साथ रोहित शर्मा ने पारी शुरु की। रोहित 8 रन ही बना पाये। बनाए। इसके बाद तिलक और बेयरस्टो ने पारी को आगे बढ़ाया। रखा। सूर्यकुमार ने 46 रन बनाकर इस सत्र में अपने 700 रन पूरे किये। तिलक भी 44 ही रन बनाकर पेवेलियन लौटे। कप्तान हार्दिक पंड्या ने 15 रन बनाये। नमन धीर ने भी 37 रनों की पारी खेली। इसके बाद 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

तीसरे ही ओवर में प्रभसिमरन सिंह 6 रन बनाकर आऊट हो गए पर प्रियांश आर्य और जोश इंग्लिस ने तेजी से खेला। प्रियांश 10 गेंदों पर 20 रन बनाकर आउट हुए। वहीं इंग्लिस ने 38 रन बनाये। इसके बाद कप्तान श्रेयस और नेहल वडेहरा ने स्कोर आगे बढ़ाया। श्रेयस ने तीन छक्के लगाकर मुम्बई के गेंदबाजों की लय बिगाड़ दी। वहीं नेहल ने भी आक्रामक बल्लेबाजी की।

सूर्यकुमार ने डिविलियर्स का रिकार्ड तोड़ा

अहमदाबाद। मुम्बई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल में एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। सूर्या इस सत्र में ऐसे बल्लेबाज के रूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं जो ओपनर के तौर के तौर पर न उतरा हो। सूर्यकुमार ने इस सत्र में 691 रन बनाए हैं। इसके साथ ही उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी के पूर्व स्टार एबी डिविलियर्स के साल 2016 के रिकॉर्ड 687 रन को पीछे छोड़ दिया। इस सूची में तीसरे स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स के ऋषभ पंत हैं, जिन्होंने साल 2018 में 684 रन बनाए थे, जबकि चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद के केन विलियमसन 2018 में 622 रन और पांचवें स्थान पर सूर्यकुमार यादव ही हैं, जिन्होंने 2023 में 605 रन बनाए थे।

सूर्यकुमार के इस रिकार्ड से उनकी विस्फोटक और अनोखी बल्लेबाजी शैली साबित हुई है। मुंबई इंडियंस के लिए मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए, उन्होंने अपनी 360 डिग्री शॉट-खेले औ दबाव में रन बनाने बनाये हैं। ये सत्र उनके करियर का सबसे रहा जिसमें उनकी निरंतरता और बड़े स्कोर बनाने का जुनून दिखा। सूर्यकुमार ने तेज गति से रन बनाए, जिसमें कई अर्धशतक और एक शतक भी शामिल रहा, जिसने उनकी टीम को कई अहम जीत मिली। यह रिकॉर्ड इसलिए भी खास है क्योंकि सलामी बल्लेबाजों के अलावा अन्य बल्लेबाजों को कम गेंदें खेलने को मिलती हैं।डिविलियर्स का 2016 का प्रदर्शन लंबे समय तक बना रहा।

रूट की शतकीय पारी से इंग्लैंड ने दूसरे एकदिवसीय में वेस्टइंडीज को हराया

कार्डिफ। अनुभवी बल्लेबाज जो रुट के नाबाद शतक 166 रनों की सहायता से इंग्लैंड ने दूसरे एकदिवसीय में वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 2-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली।

इस मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 47.4 ओवर में 308 रन बनाए। इसके बाद इंग्लैंड ने रूट के शानदार प्रदर्शन से 309 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की ओर से ब्रैंडन किंग ने 66 रन बनाये जबकि कीसी कार्टी ने शतक लगाया। इसके बाद कप्तान शाई होप ने 66 गेंदों पर 78 रन बनाए और स्कोर 308 तक ले गए। वहीं इंग्लैंड की ओर से आदिल राशिद ने 63 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि साकिब महमूद ने तीन तोब्रायडन कार्स ने एक विकेट लिया।

309 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हए इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रह। उसके दोनों ही सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और जेमी स्मिथ खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौट गये। कप्तान हैरी ब्रूक (30) और जोस बटलर (0) भी जल्दी पवेलियन लौटे, जिससे इंग्लैंड 93/4 पर संकट में था पर रूट ने 139 गेंदों में 2 छक्के और 21 चौके लगाकर नाबाद 166 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली। यह एकदिवसयी में उनका सर्वोच्च स्कोर था और इस पारी से वह इंग्लैंड के लिए एकदिवसीय में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गये। उनसे पहले इयोन मॉर्गन ने 6,957 रन बनाये थे। रूट ने जैकब बेथेल 17 और विल जैक्स 49 के साथ मिलकर पारी को संभाला और अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ ने 4 विकेट लिए पर रूट के सामने वह सफल नहीं हुए। रूट ने जस्टिन ग्रीव्स की गेंद पर छक्का लगाकर अपने 7000 वनडे रन पूरे किए।

आईपीएल को मिलेगा नया चैम्पियन

अहमदाबाद। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के खिताबी मुकाबले में मंगलवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से होगा। दोनो ही टीमें अपने पहले खिताब के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। आरसीबी 10वीं बार आईपीएल प्लेऑफ में पहुंची है पर उसे अब तक एक बार भी जीत नहीं मिली है। यह चौथी बार है जब आरसीबी की टीम आईपीएल फाइनल में उरतेगी। इससे पहले 2009, 2011 और 2016 में उसे फाइनल में डेक्कन चार्जर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद ने हराया था। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली अपने आईपीएल करियर की शुरुआत से ही आरसीबी के साथ जुड़े हैं और उन्हें पहले खिताब का इंतजार है। आरसीबी ने पहले क्वालीफायर में जीत के साथ ही फाइनल में जगह बनायी थी।

वहीं दूसरी क्वालीफायर से पंजाब की टीम एक दशक के बाद फाइनल में पहुंची है। पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने सिर्फ पांच सालों में अपनी कप्तानी में तीन अलग-अलग फ्रैंचाइजी को आईपीएल के फाइनल तक पहुंचाया है। उन्होंने 2020 में दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल तक पहुंचाया, 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स को अपने नेतृत्व में खिताबी जीत दिलाई और अब पंजाब किंग्स को उसके दूसरे आईपीएल फाइनल में ले गए हैं अब देखना है कि वे टीम को पहली बार खिताबी जीत दिला पाते हैं या नहीं।

वहीं अहमदाबाद में मुंबई इंडियंस की यह लगातार छठी हार है। यहां उसे एकमात्र जीत 2014 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली थी। आईपीएल के प्लेऑफ मुकाबलों में लक्ष्य का पीछा करते हुए हासिल किया जाने वाला यह अब तक का सर्वोच्च स्कोर है। पंजाब किंग्स से पहले कोई भी टीम आईपीएल प्लेऑफ में 203 रनों के लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाई है। आईपीएल में मुंबई को पहली बार 200 से अधिक रन बनाने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा है। दूसरी ओर पंजाब किंग्स ने 8वीं बार 200 से अधिक रनों के लक्ष्य का सफलता पूर्व पीछा किया है।

दोनो टीम के पास 17 साल में ट्रॉफी ना जीत पाने का खत्म करने का मौका है। 3 साल के बाद फिर से एक नया चैंपियन आईपीएल में देखने को मिलेगा, क्योंकि इस बार दो ऐसी टीमें फाइनल में हैं, जिन्होंने एक बार भी ट्रॉफी नहीं जीती। आईपीएल को आखिरी नया चैंपियन साल 2022 में मिला था, जब गुजरात टाइटन्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी।

राजीव शुक्ला होंगे बीसीसीआई के नए अध्यक्ष , अगले माह पद संभालेंगे

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के वर्तमान अध्यक्ष रोजर बिन्नी का कार्यकाल अगले माह पूरा हो रहा है। ऐसे में बीसीसीआई के नए अध्यक्ष राजीव शुक्ला होंगे। वह अगले महीने माह अध्यक्ष पद संभालेंगे। वर्तमान अध्यक्ष बिन्नी अगले माह 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो जाएंगे। बीसीसीआई नियमों के तहत 70 साल तक ही पद पर रहा जा सकता है और ऐसे में बीसीसीआई उपाध्यक्ष शुक्ला को बीसीसीआई अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलेगी। पहले 3 महीने के लिए वह कार्यवाहक अध्यक्ष बनाये जाएंगे अभी वह 65 वर्ष के हैं। सितंबर में जब बीसीसीआई की सालाना बैठक होगी तब वह 66 साल के हो जाएंगे और ऐसे में पूर्णकालिक अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ सकेंगे। बिन्नी अक्टूबर 2022 में सौरव गांगुली की जगह बीसीसीआई अध्यक्ष बने थे। वह अगले माह 19 जुलाई को वह 70 वर्ष के हो रहे हैं, इस कारण उनका कार्यकाल पूरा हो रहा है। जस्टिस लोढ़ा समिति की सिफारिशों के अनुसार बीसीसीआई का कोई भी पदाधिकारी 70 वर्ष से ज्यादा उम्र का नहीं हो सकता। इसलिए बीसीसीआई को नया अध्यक्ष चुनना होगा। राजीव शुक्ला अभी बीसीसीआई के उपाध्यक्ष हैं। वह 2020 से इस पद पर हैं। परंपरा के मुताबिक, ऐसी स्थिति में बीसीसीआई के सबसे वरिष्ठ पदाधिकारी को प्रभार दिया जाता है। ऐसे में वही ये पद संभालंगे। इसके बाद सितंबर में नए पूर्णकालिक अध्यक्ष का चुनाव होगा।

शुभमन के लिए आसान नहीं इंग्लैंड सीरीज - सबा करीम

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटटर और चयनकर्ता रहे सबा करीम ने कहा है कि नये कप्तान शुभमन गिल के लिए इंग्लैंड दौरा आसान नहीं होगा। सबा के अनुसार इस दौरे में शुभमन पर सभी की नजरें रहेंगी और उनकी कप्तानी व बल्लेबाजी दोनो की ही परीक्षा होगी।

रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद शुभमन को नया कप्तान बनाया गया है। सबा ने कहा कि इससे टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा, 'यह उनके लिए एक परीक्षा की तहर है। मुझे भरोसा है कि वह इसके लिए तैयार होंगे। उन्हें बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अगर वह ऐसा करने में सफल रहते हैं तो इससे उनका मनोबल बढ़ेगा और उनकी कप्तानी पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। साथ ही कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि भारत की युवा टीम इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, 'मुझे इस युवा भारतीय टीम से अच्छे परिणामों की उम्मीद है हालांकि मैच कठिन और प्रतिस्पर्धी होंगे पर मुझे लगता है कि भारतीय खिलाड़ी इसके लिए तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि पांच टेस्ट मैचों की इस सीरीज से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटसी) सत्र की भी शुरुआत होगी।

पांड्या बोले, हम उमीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये।

अहमदाबाद। आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर-2 में पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली हार के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या निराश नजर आये हालंकि उन्होंने हार के लिए किसी खिलाड़ी को दोष नहीं दिया। इस मैच में हार के साथ ही मुम्बई प्लेऑफ से बाहर हो गयी है। इस मैच में पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने जीत छीन ली। अय्यर ने चौथे नंबर पर उतरने के बाद 41 गेंदों में पांच चौकों और 8 छक्कों की बदौलत नाबाद 87 रन बनाकर अपने टीम को जीत दिला दी। हार के बाद पांड्या ने कहा कि अगर शायद मैंने थोड़ा बेहतर प्रबंधन किया होता तो परिणाम अलग हो सकता था।

हार्दिक ने कहा, श्रेयस ने जिस तरह से बल्लेबाजी करते हुए जोखिम उठाया और शॉट खेले, वे वास्तव में शानदार थे। मुझे लगता है कि उन्होंने वाकई बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। हमने एक पार स्कोर बनाया था मगर गेंदबाज इकाई के तौर पर हमें और बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत थी। मुझे लगता है कि बड़े मैचों में यही अहम होता है। वहीं बल्लेबाजी के दौरान पंजाब के बल्लेबाजों ने हमपर दबाव बनाये रखा और मुझे लगता है कि हम जिस तरह से चाहते थे, वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाए। मैं विकेट को इसका जिम्मेदार नहीं मानना। साथ ही कहा कि अगर हमने शायद सही लेंथ पर गेंदबाजी की होती या सही समय पर सही गेंदबाज का इस्तेमाल किया होता तो परिणाम थोड़ा अलग हो सकता था।

अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अहम मुकाबले में असफल रहे। उन्होंने चार ओवर में 40 रन दिये और कोई विकेट नहीं लिया। बुमराह ने 18वें ओवर में 8 रन दिए, जो उनके स्पेल का आखिरी ओवर था। पंजाब को अंतिम चार ओवर में 41 रन की जरुरत थी 17वें ओवर में ट्रेंट बोल्ट को गेंदबाजी के लिए बुलाया जिनके ओवर में 10 रन दिये।

बुमराह बोले, प्रतिस्पर्धी होना चाहिये, अति आक्रामकता की जरुरत नहीं

मुम्बई। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क को करारा जवाब दिया है। क्लार्क ने कहा था कि कोई 150 किमी प्रति घंटे की गति से गेंदबाजी करने के बाद बाद भी मैदान पर सबसे अच्छा आदमी बना रहा सकता है। जिसके जवाब में बुमराह ने कहा कि मेरे अंदर प्रतिस्पर्धी भावना है। इसलिए मैं जीतने के लिए खेलता हूं पर अपनी सीमा को पार नहीं करता। साथ ही कहा कि आपको प्रतिस्पर्धी होना चाहिए पर अति आक्रामक होने की भी जरूरत नहीं है। माना जा रहा है कि बुमराह ने अपने जबाव में नाम लिए बिना ही विराट कोहली की आक्रामक शैली पर निशाना साधा है जिसने प्रशंसक हैरान है। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। इसमें क्लार्क हंसते हुए नजर आ रहे हैं। गौरतलब है कि विराट मैदान पर आक्रामकता के लिए जाने जात हैं। उनकी तीव्र ऊर्जा, साहसिक उत्सव, और निडर टकराव उन्हें शानदार क्रिकेटर बनाने हैं। वह अपनी आक्रामकता से टीम का मनोबल बढ़ाते हैं और विरोधियों पर काफी दबाव बनाते हैं। दूसरी ओर, बुमराह ने अपनी शांत और पेशेवर शैली से मैदान पर अलग ही पहचान बनाई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह तीव्रता के साथ खेलते हैं, लेकिन बिना बात के नाटक या आक्रामकता नहीं दिखाते। आईपीएल में भी बुमराह ने शानदार गेंदबाजी कर अपने को साबित किया है। गेंदबाज क्यों हैं। गुजरात टाइटन्स और मुंबई इंडियंस के बीच एलिमिनेटर मुकाबले में भी बुमराह ने शानदार गेंदबाजी की है।

अय्यर बोले फाइनल में तरोताजा होकर उतरें पंजाब के खिलाड़ी

अहमदाबाद। कप्तान श्रेयस अय्यर की तूफानी पारी से पंजाब किंग्स ने मुम्बई इंडियंस को हराकर आईपीएल 2025 के फाइनल में जगह बनायी है। पंजाब टीम ने एक दशक के बाद फाइनल में प्रवेश किया है। अय्यर ने फाइनल में पहुंचने के बाद अपने खिलाड़ियों से कहा है कि वह खिताबी मुकाबले के लिए तरोताजा रहें । उन्होंने कहा कि मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ होने वाले फाइनल में अच्छे मन से उतरना जरुरी है।

अय्यर ने कहा, मैं अभी सिर्फ इस पल में जी रहा हूं। मैं इस पल को संजोना चाहता हूं। अपनी टीम के साथ जश्न मनाऊंगा कि हम फाइनल में पहुंच गए हैं पर मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि अभी काम आधा हुआ है, इसलिए मैं फाइनल के बारे में ज्यादा नहीं सोचूंगा। बस इस पल का आनंद उठाउंगा। उन्होंने अपने साथियों से कहा कि फाइनल से पहले आराम करें और सकारात्मक रुख से उतरें। अय्यर से जब मुम्बई के खिलाफ दबाव के क्षणों में शांत रहने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता। मुझे ऐसे बड़े मौके पसंद हैं। मैं हमेशा खुद से और टीम में अपने साथियों से कहता हूं कि जितना बड़ा मौका होगा, आप उतने ही शांत रहेंगे, आपको बड़े परिणाम मिलेंगे।एमआई इस सत्र में पहली बार 200 से अधिक रनों का बचाव नहीं कर पायी। पंजाब ने 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करने पर कहा, मैंने मैच से ठीक पहले कहा था कि सभी खिलाड़ियों को दृढ़ निश्चयी होना चाहिए। सभी को यही संदेश था कि हमें पहली गेंद से आक्रमण के लिए जाना है। हालांकि, शुरुआत में हम फायदा नहीं उठा पाए पर मुकबाला शानदार रहा। मुझे भी कुछ समय लगा। दूसरे छोर से बल्लेबाज काफी अच्छे से स्ट्राइक कर रहे थे। मुझे पता है कि मैं जितना अधिक समय मैदान पर बिताता हूं, मैं उतना ही बेहतर होता जाता हूं।

1857 की क्रांति की मशाल जलाने वाले
सतपुड़ा के पराक्रमी सपूत
भभूत सिंह

के अमर बलिदान और शौर्य को समर्पित उनकी कर्मस्थली में

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक

अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

D11036/25

3 जून, 2025 । अपराह्न 2:00 बजे । राजभवन, पचमढ़ी

"पचमढ़ी नैसर्गिक सौंदर्य से समृद्ध और प्रदेश का सर्वाधिक आकर्षक पहाड़ी पर्यटन स्थल होने के साथ अतीत में आदिवासी समाज के बलिदान की दृष्टि से एक प्रमुख स्थल रहा है। तात्या टोपे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर राजा भभूत सिंह ने आज़ादी की जंग में वीरता का प्रदर्शन किया। भभूत सिंह में शिवाजी महाराज की छवि दिखायी देती थी। उनके बलिदान को स्मरण करते हुए पचमढ़ी में मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक का आयोजन राजा भभूत सिंह के गौरवशाली योगदान को जनमानस के समक्ष लाने का प्रयास है।"

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

जनजातीय संस्कृति के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध मध्यप्रदेश

- प्रदेश के 89 जनजातीय बहुल विकासखंडों में पेसा नियम लागू
- जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए धरती-आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से जनजातीय समुदाय के सामाजिक, आर्थिक उत्थान एवं मूलभूत सुविधाओं के विकास को मिल रही है गति
- जनजातीय बहुल दूरस्थ क्षेत्रों के 21 जिलों में पीएम जन-मन योजना अंतर्गत 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित
- मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना से सीधे जनजातीय ग्रामों तक पहुंच रहा राशन। स्थानीय जनजातीय युवाओं को मिल रहा रोज़गार
- विशेष पिछड़ी जनजाति युवाओं को सेना, अर्द्ध-सैनिक बलों और पुलिस सेवाओं में भर्ती के लिए प्रशिक्षण हेतु जनजातीय बटालियन का गठन
- तेंदूपत्ता संग्रहण का पारिश्रमिक ₹ 3000 से बढ़ाकर ₹ 4000 प्रति बोरा किया गया
- शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए 63 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, 82 आवासीय कन्या परिसर एवं 8 आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी